# समवेत शिखर

36 वां स्थापना वर्ष



वर्ष-36 अंक-209 | रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपरः samvetshikhar.com


**विधानसभा शीत सत्रः विपक्षी कांग्रेस ने हसदेव अरण्य इलाके में पेड़ कटाई मामले में स्थगन लेकर आया**

# हसदेव अरण्य इलाके में पेड़ कटाई पर सदन में हंगामा, कांग्रेस विधायक हुए निलंबित

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस ने हसदेव अरण्य इलाके में पेड़ कटाई व आदिवासियों के शोषण के मामले में शून्यकाल में स्थगन लेकर आया। विपक्ष ने विषय पर चर्चा की मांग रखी, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्थगन पर सरकार के जवाब के बाद स्थगन पर चर्चा अस्वीकार कर दिया। इस पर नाराज कांग्रेस विधायक गर्भगृह में घुसकर नारेबाजी करने लगे। शोर-शराबा व हंगामा करते हुए 33 विधायक गर्भगृह में घुसकर स्वमेव निलंबित हो गए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने निलंबित सभी कांग्रेस विधायकों को सदन से बाहर जाने के लिए कहा। कांग्रेस विधायकों के सदन से बाहर जाते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सभी कांग्रेस विधायकों का निलंबन समाप्त कर दिया।

शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हसदेव अरण्य इलाके में पेड़ कटाई मामले में स्थगन लाया और इस पर चर्चा कराने की मांग की। इसके बाद स्थगन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अशासकीय संकल्प पारित किया गया था कि कोई खदान नहीं खुलेगा। इसके बावजूद भी



ज्यादा से ज्यादा जंगल कांटे जा रहे हैं। सरगुजा से बस्तर तक सभी जगह पेड़ों की कटाई जोरों पर है। इसके खिलाफ स्थगन लाया गया है। वहीं उमेश पटेल समेत अन्य कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि रायगढ़ जिले के तमनार में ग्रामीणों की सहमति के बिना पेड़ काटे जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में बदल दिया है। जनसुनवाई भी फर्जी तरीके से हुई है। सिर्फ 15 मिनट में ही जहां ग्रामीण बैठे थे, वहां से दूर दूसरी जगह जाकर जनसुनवाई की गई। विपक्ष की मांग थी कि इस पर चर्चा हो, लेकिन वन मंत्री का जवाब सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विपक्ष की मांग अस्वीकार कर दिया।

## विकास, अनुशासन और भविष्य की मजबूत नींव : वित्त मंत्री चौधरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा ?35,000 करोड़ का अनुपूरक बजट प्रस्तुत कर विकास, वित्तीय अनुशासन और दूरदर्शी शासन की स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।



**छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे बड़ा 35,000 करोड़ का अनुपूरक बजट**

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि यह अनुपूरक बजट केवल संसाधनों की व्यवस्था नहीं, बल्कि निरंतर आर्थिक प्रगति और संतुलित विकास की मजबूत दिशा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार द्वारा विभिन्न बोर्डों और निगमों पर छोड़े गए 45,000 करोड़ से अधिक के लंबित ऋण ने इन संस्थानों को लगभग निष्क्रिय स्थिति में पहुँचा दिया था। इस अनुपूरक बजट के माध्यम से सरकार ने मार्कफेड और नान जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों को संबल प्रदान करने का गंभीर प्रयास किया है, जो राज्य में धान खरीदी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की रीढ़ हैं। इन संस्थाओं को सुदृढ़ किए बिना किसानों का कल्याण और नागरिकों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने औद्योगिक विकास को भी समान प्राथमिकता दी है। राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने तथा विभिन्न औद्योगिक विकास एवं प्रोत्साहन योजनाओं को निरंतरता प्रदान करने के लिए अनुपूरक बजट में ?360 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे निवेश, रोजगार और उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र और संतुलित विकास के लिए केवल राजस्व व्यय पर्याप्त नहीं होता, बल्कि दूरदर्शी पूंजीगत व्यय ही भविष्य की समृद्ध अर्थव्यवस्था और मजबूत अधोसंरचना का आधार बनता है। *(शेष पेज-4 पर)*

## सुशांत शुक्ला ने राशन कार्ड के मुद्दे पर खाद्य मंत्री को घेरा

**रायपुर।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने एपीएल से बीपीएल राशन कार्ड परिवर्तन के मुद्दे पर खाद्य मंत्री को घेरा। सुशांत शुक्ला ने अपनी ही सरकार पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एपीएल कार्ड डिलीट कर बीपीएल कार्ड बनाए गए। इस संबंध में एफआईआर भी दर्ज हुई है। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई परिवर्तन नहीं हुआ। जांच में सिर्फ 19 राशन कार्ड में गड़बड़ी मिली, जिनमें से 4 मामलों में जोन क्रमांक-4 के जोन कमिश्नर की अनुशंसा पर कार्रवाई की गई है और जांच जारी है। सुशांत शुक्ला ने फिर आपत्ति जताई, जबकि पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने आधे घंटे की चर्चा की मांग की। विधायक इंद्र कुमार साहू ने जैतूसाव मठ की जमीन बेचे जाने का मामला उठाया। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने माना कि रायपुर में भू-माफियाओं 10 जमीनें बेचीं।उनके मुताबिक दो मामले हाईकोर्ट से पेडिंग है, आठ मामलों में एफआईआर करवा रहे हैं। विधायक ने सचिव स्तर समिति द्वारा जांच कराने की मांग की। वहीं धरमलाल कौशिक ने जल जीवन मिशन के मुद्दे पर डिप्टी सीएम अरुण साव को घेरा।

**राजस्व मंत्री ने माना, बस्तर में बाढ़ से 12 लोगों की जान गई :** इस दौरान, सदन में बस्तर में आई बाढ़ से बर्बादी का मुद्दा भी उठा, कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के सवाल का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने माना कि, बाढ़ में 12 लोगों की जान गई थी।

# नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को राहत, कांग्रेस ने सत्य की जीत बताया

**नई दिल्ली (ए)।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बड़ी राहत मिलने पर पार्टी ने इसे सत्य की जीत करार दिया है।

गौरतलब है कि अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार तथा अन्य के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया।

अदालत के इस फैसले को कांग्रेस ने अपने अधिकारिक सोशल मीडिया पर सत्य की जीत बताया है। पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी तरीके से की गई कार्यवाही पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। कांग्रेस ने लिखा, ÷ माननीय अदालत ने यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व श्रीमती सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्यवाही को



अवैध और दुर्भावना से ग्रसित पाया है। अदालत ने फैसला दिया है कि यह मामला ईडी के क्षेत्राधिकार से बाहर है, उसके पास कोई एफआईआर नहीं है जिसके बिना कोई मामला ही नहीं बनता। कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ़, राजनैतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से की जा रही यह कार्रवाई आज पूरे देश के सामने बेनकाब हो गयी है। नेशनल हेराल्ड मामले को कांग्रेस ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं माना है। कांग्रेस ने कहा ÷ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है क्योंकि अपराध की कोई आय नहीं और संपत्ति का कोई हस्तांतरण नहीं हुआ है। ये सभी निराधार आरोप हैं जो निम्नस्तरीय राजनीति, द्वेष की भावना और पार्टी के सम्मान पर हमला करने की भावना से प्रेरित हैं। आज सब धराशायी हो गए। कांग्रेस पार्टी और हमारा नेतृत्व सत्य के लिए और हर भारतीय के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, हमें कोई भी डरा नहीं सकता क्योंकि हम सत्य के लिए लड़ते हैं, सत्यमेव जयते।

## राहुल-सोनिया को एफआईआर की कॉपी देने का आदेश रद्द

इसी मामले में, राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की एक दलील स्वीकार करते हुए राहुल और सोनिया को एफआईआर की कॉपी देने का मजिस्ट्रेट कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया। दिल्ली पुलिस ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि आरोपी एफआईआर की कॉपी पाने के हकदार नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपियों को सिर्फ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी दी जा सकती है। दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में 3 अक्टूबर को ईडी की शिकायत पर राहुल-सोनिया गांधी के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज, इसके प्रमोटर सुनील भंडारी, एजेएल और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

## सोनिया-राहुल के खिलाफ नई एफआईआर होगी, ईडी बोली- दिल्ली पुलिस की एफआईआर को आधार बनाएंगे

नई दिल्ली नेशनल हेराल्ड केस में में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की जाएगी। मंगलवार को जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि नई एफआईआर के लिए दिल्ली पुलिस की हालिया एफआईआर को आधार बनाया है। आज दोपहर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने इसी मामल में में सोनिया-राहुल और 5 अन्य के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर सुनवाई करने से इनकार किया। ईडी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

## फर्स्ट कालम

### दिल्ली में प्रदूषण सर्टिफिकेट के बिना पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को भी जहरीले स्मॉग की परत छाई रही। इसको लेकर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि गाड़ी की वैध यानी प्रदूषण सर्टिफिकेट के बिना 18 दिसंबर से डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। दिल्ली में दूसरे राज्यों के बीएस-6 गाड़ियों के अलावा सभी गाड़ियों की एंट्री बंद कर दी गई है। कंस्ट्रक्शन पर पूरी तरह रोक लगाई है, कंस्ट्रक्शन का समान ले जा रहे वाहनों के चालान किए जाएंगे। सिरसा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्लीवासियों से माफी मांगी।

### 3 राज्यों में एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी

**कोलकाता/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल और राजस्थान की विशेष गहन पुनरीक्षण की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी है। बंगाल में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाने के लिए चिन्हित किए गए हैं। राजस्थान में 41.85 लाख और पुडुचेरी में 85 हजार वोटर्स के नाम काटे गए हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब आगे दावा, आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। एसआईआर का दूसरा चरण फरवरी 2026 तक चलेगा और अंतिम वोटर लिस्ट 14 फरवरी 2026 को जारी होगी।

### जज कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को नोटिस जारी किया। याचिका में वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए लोकसभा द्वारा अकेले बनाई गई तीन सदस्यीय जांच समिति की वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। फिर भी लोकसभा ने अकेले जांच समिति बनाई जो कि गलत है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजे मसीह की बेंच ने लोकसभा स्पीकर कार्यालय और दोनों सदनों के महासचिवों से जवाब मांगा है।

# लोकसभा में 'वीबी-जी राम जी' बिल पेश

**प्रियंका बोलीं- सरकार को नाम बदलने की सनक, थरूर ने कहा- राम का नाम बदनाम न करो**

**नई दिल्ली (ए)।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पेश किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि हम इस बिल का विरोध करते हैं। हर योजना का नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती है। बिना चर्चा के बिना सलाह लिए विधेयक को पास न करें। इसे वापस लें। नया विधेयक पेश करें। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी मेरे परिवार के नहीं, मेरे परिवार जैसे ही हैं। पूरे देश की यही भावना है। कम से कम स्थायी समिति के पास इस बिल को भेंजे। कोई विधेयक किसी की निजी महत्वकांक्षा, सनक और पूर्वाग्रहों के आधार पेश नहीं



होना चाहिए। और ना ही पास होना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी 'वीबी-जी राम जी% बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम ना करो। वीबी-जी राम जी बिल पास हो जाता है तो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है।

## बांग्लादेश बॉर्डर से सबसे ज्यादा 7,528 घुसपैठिए भारत में आए

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को बताया कि 2014 से अब तक सबसे ज्यादा घुसपैठ भारत-बांग्लादेश सीमा से हुई है। यहां से पिछले 11 साल में 7528 घुसपैठिए भारत में घुसे हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में मंगलवार को लिखित जवाब में ये जानकारी दी। वहीं भारत-पाकिस्तान सीमा से 425 लोग गैरकानूनी तरीके से देश में घुसे हैं। उन्होंने बताया कि भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ का कोई भी मामला अब तक रिकॉर्ड नहीं किया गया है। राय ने बताया कि भारत ने सुरक्षा मजबूत करने और घुसपैठ रोकने के उद्देश्य से भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर पर 93% से ज्यादा हिस्से पर फिजिकल फेंसिंग पूरी कर ली है। वहीं भारत-बांग्लादेश बॉर्डर के करीब 79% एरिया में फेंसिंग लगा दी गई है।

# छत्तीसगढ़ में 11 आईएएस के तबादल 6 जिलों के कलेक्टर बदले गए

- भोसकर विलास बनाए गए अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी
- अजीत बसंत सरगुजा और कुणाल दुदावत कोरबा कलेक्टर बनाए गए

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया है। 11 आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इनमें 6 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, जिनमें सरगुजा, कोरबा, दंतेवाड़ा, सुकमा, बेमेतरा और नारायणपुर शामिल हैं। कलेक्टर भोसकर विलास को अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

अब तक कोरबा जिले के कलेक्टर रहे अजीत वसंत को अस्थायी रूप से सरगुजा का नया कलेक्टर बनाया गया है। वहीं



कुणाल दुदावत को दंतेवाड़ा से हटाकर कोरबा का कलेक्टर बनाया गया है, जबकि देवेश कुमार ध्रुव को सुकमा से ट्रांसफर कर दंतेवाड़ा का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

**बेमेतरा और नारायणपुर जिले में भी बदलाव :** सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रतिष्ठा ममगाई को नारायणपुर से ट्रांसफर कर बेमेतरा का कलेक्टर बनाया है। वहीं नम्रता जैन को रायपुर से हटाकर नारायणपुर जिले की नई कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इसी तरह अमित कुमार को नगर निगम बिलासपुर के आयुक्त पद से हटाकर सुकमा जिले का कलेक्टर बनाया गया है। *(शेष पेज-4 पर)*

## मनरेगा खत्म करना महात्मा गांधी का अपमान पीएम मोदी को उनके विचारों से समस्याः राहुल



**नई दिल्ली (ए)।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म करने की कोशिश महात्मा गांधी के विचारों का सीधा अपमान है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महात्मा गांधी के विचारों और गरीबों के अधिकारों से समस्या है। उन्होंने लिखा पिछले 10 सालों से मोदी सरकार मनरेगा को कमजोर करने की कोशिश कर रही है और अब इसे पूरी तरह खत्म करने का इरादा है। 'VB-जी राम जी' बिल गरीब ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर हमला है। कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक इस जनविरोधी बिल का विरोध करेगी।

# मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले

**मथुरा (ए)।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। पुलिस ने इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। अब डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान की जाएगी।



हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एडीएम प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे। मजिस्ट्रेट जांच में 2 सदस्यों को जोड़ा गया है। टक्कर के बाद राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने बताया कि टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा हो।

## शराब घोटाला केस : सौम्या चौरसिया को ईडी ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सौम्या चौरसिया को मंगलवार सुबह पूछताछ के लिए रायपुर बुलाया गया था,



उसके बाद शाम को गिरफ्तारी की है। बुधवार को उन्हें स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। 30 मई 2025 को कोल लेवी घोटाला और डीएमएफ घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया समेत 6 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी। इसके बाद आरोपी रायपुर के सेंट्रल जेल से रिहा हो गए, जिसमें निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई भी शामिल थे।

**अमीर शख्स** » **अंबानी-अडाणी जितनी संपत्ति मस्क की एक दिन में बढ़ी**

# इलॉन मस्क 58 लाख करोड़ नेटवर्थ वाले दुनिया के पहले व्यक्ति, स्पेसएक्स की वैल्यू 72.80 लाख करोड़

**नई दिल्ली (ए)।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क की संपत्ति 600 बिलियन डॉलर (54.60 लाख करोड़) पार कर गई है। मस्क नेटवर्थ का यह आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले 1 अक्टूबर को मस्क की संपत्ति 500 बिलियन (डॉलर 45.50 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंची थी।

स्पेसएक्स की 800 बिलियन डॉलर (72.80 लाख करोड़) का वैल्यूएशन और आईपीओ आने की खबर के बाद मस्क की संपत्ति में एक ही दिन में लगभग 168 बिलियन डॉलर (15 लाख करोड़) की बढ़ोतरी हुई। यह भारत के दो सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी की नेटवर्थ के लगभग बराबर है। दोनों की संपत्ति 16 लाख करोड़ की है। अब मस्क की टोटल नेटवर्थ करीब 638 बिलियन डॉलर (58 लाख करोड़) है। इनसाइडर शेयर सेल के बाद स्पेसएक्स अब दुनिया की सबसे वैल्यूएबल प्राइवेट कंपनी बन गई है। मस्क स्पेसएक्स के फाउंडर और सीईओ हैं। रॉयटर्स के मुताबिक कंपनी के



अंदर ही हुई शेयर्स की बिक्री में स्पेसएक्स की टोटल वैल्यूएशन 800 बिलियन निकली है। मस्क के पास स्पेसएक्स में लगभग 42% हिस्सेदारी है। यदि कंपनी अमेरिकी शेयर बाजार में 800 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर लिस्ट होती है, तो मस्क की हिस्सेदारी की कीमत अकेले 336 बिलियन डॉलर से ज्यादा बढ़ सकती है।

### टेस्ला और एक्सएआई ने भी बढ़ाई मस्क की दौलत

टेस्ला-स्पेसएक्स के अलावा, मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला में भी उनकी लगभग 12% हिस्सेदारी है। 2025 में अब तक टेस्ला के शेयर 13% चढ़ चुके हैं। सोमवार को भी टेस्ला के शेयर करीब 4त्न ऊपर थे, जब मस्क ने कहा कि कंपनी फ्रंट पैसेंजर सीट पर बिना सेफ्टी मॉनिटर के रोबोटैक्सी का परीक्षण कर रही है। मस्क की टेस्ला में हिस्सेदारी अब लगभग 197 बिलियन डॉलर की है। एक्सएआई उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप एक्सएआई भी 230 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर 15 अरब डॉलर की नई इक्विटी जुटाने के लिए बातचीत के एडवांस स्टेज में है इलॉन मस्क, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ हैं। मस्क ने 10 साल की उम्र में कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग सीखी और 12 साल की उम्र में 'ब्लास्टर' नामक एक वीडियो गेम तैयार किया।

## बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक : मोदी



**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महानिदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। विजय दिवस- 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, ÷यह एक ऐसी जीत थी जहाँ मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र - बांग्लादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किये गये क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया, ÷केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका समापन 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण में हुआ, जो वैश्विक इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पणों में से एक है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित करने के लिए सूर्यसभा का आयोजन

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए जिले में जनमानस को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। अक्षय ऊर्जा के स्त्रोत अंतर्गत सोलर प्लांट लगाकर बिजली बिल से मुक्ति के लिए जनसामान्य को प्रेरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में सूर्यसभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम भेड़ीकला, टेड़ेसरा, सोमनी, तिलई, पदुमतरा, धर्मापुर, महरूमखुर्द, जोरातराई, सुकुलदैहान, भर्रेगांव में सूर्यसभा का आयोजन किया गया। सूर्यसभा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और नागरिकों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 44 ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन कराया। जिसमें 23 ग्रामीणों ने वेंडर का चयन किया। ग्राम पंचायत भेड़ीकला में 10 ग्रामीणों ने पंजीयन कराया। इसमें 8 ग्रामीणों ने वेंडर का चयन किया।

### जिले में गुरु घासीदास जंयती के अवसर पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**बालोद।** कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में 18 दिसम्बर 2025 को गुरु घासीदास जंयती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 18 दिसम्बर 2025 को जिला बालोद में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं प्रीमियम विदेशी मदिरा तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता पूर्णतः बंद रहेगा। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### क्रेशर प्लांटों का किया जा रहा निरीक्षण

**राजनांदगांव।** खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम डुमरडीहकला स्थित क्रेशर प्लांटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रेशर संचालकों द्वारा वाटर स्प्रिंकलर से क्रेशर प्लांटों में पानी छिड़काव करना पाया गया। क्रेशर संचालकों को भविष्य में धूल डस्ट का सतत नियंत्रण करने हेतु नियमानुसार उपाय करने निर्देशित किया गया। इस दौरान बिना पिटपास के खनिज चूना पत्थर के अवैध परिवहन के संलिप्त चार हाईवा वाहनों को जप्त किया गया। जिसमें सीजी 08 ए जेड 4197, एमपी 50 एच 1323, सीजी 08 बीजी 5052, सीजी 08 बीसी 6894 शामिल है। जप्त वाहनों को पुलिस थाना सुकुलदैहान एवं ठेलकाडीह की अभिरक्षा में रखा गया है तथा अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले में संचालित क्रेशरों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान सरपंच श्री दिनेश सिंह ठाकुर, खनिज विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर का आयोजन 19 से 25 दिसंबर तक

**राजनांदगांव।** जिले में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 अंतर्गत 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना एवं शासकीय योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए नगर स्तर पर ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के कलस्टर में विशेष शिविरों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं को जनसामान्य तक सुगमता से पहुंचाने एवं सार्वजनिक शिकायतों का विशेष शिविरों में निराकरण किया जाएगा। क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को आमंत्रित करते हुए नियुक्त नोडल अधिकारी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों की शिकायत एवं मांग के आवेदनों को एकत्रित कर तत्काल संबंधित विभागों को वितरित करेंगे तथा परीक्षण कर समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 21 को

**दुर्ग।** अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत/ लोकगायन नृत्य जैसे- पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी तथा अनुसूचित जाति वर्ग के पारंपरिक लोक वाद्य आदि में कलाकारों की प्रतिभा की पहचान करने एवं उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 21 दिसम्बर 2025 समय 11 बजे सतनामी आश्रम दुर्ग में आयोजित की जाएगी। उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक दल प्रविष्टियां 19 दिसम्बर 2025 सायं 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग में प्रस्तुत कर सकते है। दल अपनी प्रविष्टियां में अनुसूचित जाति लोक कला दल का सम्पूर्ण विवरण। अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारंपरिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए कार्य किए है तो इसका विवरण।

# जिले के विकास कार्यों को गति देने कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं सहित जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री जनमन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर आर.बी. देवांगन, सर्व एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लाभान्वित हितग्राहियों का विस्तृत सत्यापन तथा संबंधित बैंकों के माध्यम से ई-केवायसी की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों की जानकारी का शत-प्रतिशत, सटीक एवं समयबद्ध तरीके से प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अपडेट में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, ताकि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र भूमिहीन कृषि मजदूर तक बिना किसी बाधा के पहुंचे और कोई भी हितग्राही लाभ से वंचित न रह जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में प्रस्तावित विद्युत सब-स्टेशनों के संबंध में विद्युत विभाग से कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से अब तक हुए कार्य, शेष प्रक्रियाओं तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सब-स्टेशन निर्माण के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं, वहां स्थल को स्पष्ट रूप से चिन्हित कर शीघ्र आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने संबंधित विभाग को सभी लंबित प्रक्रियाओं को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में सब-स्टेशनों का निर्माण पूरा होना आवश्यक है, ताकि जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में चल रहे आवास निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से बारी-बारी से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में पीएम आवास निर्माण को बड़े पैमाने पर स्वीकृति प्राप्त हुई है और शासन की मंशा के अनुरूप सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने ब्लॉकवार आवास निर्माण की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन आवासों की स्वीकृति हो चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें अविलंब प्रारंभ कराया जाए।



# शेष धान खरीदी केंद्रों की प्रतिदिन की खरीदी लिमिट शासन द्वारा बढ़ाई गई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में दुर्ग जिले में 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से आज दिनांक तक 1 लाख 78 हज़ार 146 मैट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है।

जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में लगातार कृषकों के द्वारा टोकन स्वयं मोबाइल ऐप के द्वारा अथवा समितियां के माध्यम से जारी कर धान विक्रय किया जा रहा है। शासन द्वारा पूर्व में जिन उपार्जन केंद्रों द्वारा जिनमें कृषकों के फोटो अपलोड का प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक है ऐसे 54 उपार्जन केंद्रों की प्रतिदिवस खरीदी लिमिट में वृद्धि की गई थी । वर्तमान में जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर शेष सभी 48 उपार्जन केन्द्रों के प्रतिदिवस खरीदी लिमिट में भी वृद्धि कर दी गई है। विदित हो कि कृषकों की सुविधा हेतु मोबाइल एप के माध्यम से किसी भी समय एवं समिति द्वारा सप्ताह के सभी दिवस टोकन प्राप्ति हेतु सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी से किसानों की आय में वृद्धि

### खेती बनी सम्मानजनक और लाभकारी

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी होने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सही मूल्य मिलने से किसान अब खेती को सम्मानजनक और लाभकारी व्यवसाय के रूप में देख रहे हैं। धान की उचित कीमत और सुगम खरीदी व्यवस्था के चलते किसान कृषि कार्यों में पहले से अधिक रुचि दिखा रहे हैं और पूरे उत्साह के साथ खेती कर रहे हैं।

इसी सकारात्मक बदलाव का अनुभव ग्राम बिजाई के किसान श्री महेश कुमार कोशले ने भी किया है। वे बताते हैं कि इस बार धान जल्दी और आसानी से बिक जाने से उन्हें काफी समय मिल गया है। अब वे शेष समय में मजदूरी एवं अन्य कार्य कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। छोटे किसानों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है।

श्री महेश कुमार कोशले ने बताया कि इस वर्ष धान बेचने की प्रक्रिया बेहद आसान रही। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के माध्यम से उन्हें घर बैठे ही टोकन मिल गया। धान खरीदी केंद्र में बारदाना, तौल और समुचित प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था होने के कारण उनका 18.40 क्विंटल धान बिना किसी परेशानी के खरीदा गया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और किसान-हितैषी रही।

उन्होंने इस बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा की गई पहल से किसानों को न केवल उनकी उपज का सही मूल्य मिल रहा है, बल्कि समय की भी बचत हो रही है। इससे किसान खेती के साथ-साथ अन्य आय के साधनों पर भी ध्यान दे पा रहे हैं।

# रजत जयंती अंतर्गत जिला स्तरीय साइन लैंग्वेज डे का किया गया आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार 12 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, सिंघनपुरी, कवर्धा में साइन लैंग्वेज डे का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए रस्सी कूद, रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक जैसी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के समापन पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में 05 श्रवण बाधित बच्चों को श्रवण-यंत्र भी वितरित किए गए, जिससे उन्हें सुनने एवं सीखने में सहायता मिल सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में श्री देवकुमार कौशिक, अधीक्षक, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, सिंघनपुरी, कवर्धा, श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा, प्र. शिक्षक, श्रीमती जागेश्वरी चंद्र, प्र. शिक्षक, श्री राजू महोबिया, प्र. शिक्षक सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारीगण तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने प्रीतपाल बेलचंदन, सरकार व संगठन का जताया आभार

### आज दोपहर 1 बजे करेंगे पदभार ग्रहण

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद किसान नेता प्रीतपाल बेलचंदन ने भारतीय जनता पार्टी संगठन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस नियुक्ति को सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी बताया है। जारी विज्ञप्ति में प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि अविभाजित दुर्ग जिला–दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा-के किसानों, कृषक समूहों और सहकारी समितियों के हित में सहकारिता को सशक्त माध्यम बनाकर कार्य किया जाएगा। किसानों की प्रगति और आर्थिक मजबूती के लिए सहकारी बैंक की सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने का निरंतर प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता के मूल मंत्र विश्वास, सहभागिता और विकास को केंद्र में रखकर किसानों को समय पर ऋण, बेहतर बैंकिंग सुविधाएँ और नई संभावनाएँ उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। सभी जनप्रतिनिधियों, सहकारी साथियों और किसानों के सहयोग से दुर्ग संभाग में सहकारिता को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया गया है। गौरतलब है कि प्रीतपाल बेलचंदन 17 दिसंबर 2025, बुधवार को दोपहर 1 बजे दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिसर में अध्यक्ष पद का विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का 19 दिसम्बर को

**दुर्ग।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के तीनों विकास खंडों के युवा कलाकारों के लिए है।

# कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा में दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर तथा कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा के संयुक्त तत्वावधान में रबी 2025-26 के लिए दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 दिसंबर 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा, जिला कबीरधाम में किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के लगभग 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के सदस्य, किसान मित्र, कृषि सखी एवं महिला स्व-सहायता समूहों की किसान महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रीता सिंगारे, वनस्पति संरक्षण अधिकारी (की.वि.) एवं डॉ. बी.पी. त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रीता सिंगारे द्वारा धान एवं सब्जी फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों के लक्षण, उनकी पहचान तथा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को इन तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने गन्ना एवं चना फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान तथा उनके प्रभावी प्रबंधन की जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. आशीष जायसवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक (पौध संरक्षण) ने बीजोपचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मक्का फसल में लगने वाले विभिन्न कीट एवं रोगों के लक्षण एवं उनके प्रबंधन के उपाय बताए। कार्यक्रम में श्री कन्हैया लाल, वैज्ञानिक सहायक द्वारा कीटनाशकों के सुरक्षित एवं उचित उपयोग के संबंध में किसानों को जागरूक किया गया। साथ ही एन.पी.एस.एस. मोबाइल एप को किसानों के मोबाइल में डाउनलोड कराते हुए उसके उपयोग एवं विशेषताओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पीले एवं नीले चिपचिपे प्रपंच, फेरोमोन प्रपंच, प्रकाश प्रपंच एवं फ्रूट फ्लाई प्रपंच जैसे विभिन्न कीट प्रबंधन उपकरणों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में किसानों को जैव नियंत्रण कारक का वितरण किया गया। इस अवसर पर इंजी. टी.एस. सोनवानी (विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी), डॉ. बी.एस. परिहार (विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान), डॉ. एन.सी. बंजारा (विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी), कु. सुचित्रा हारोमुचुडी (वनस्पति संरक्षण अधिकारी, की.वि.), श्री सूरज कुमार गोंड (एमटीएस) सहित कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आवासीय क्वार्टरों का वर्चुअल भूमिपूजन, पुस्तक विमोचन एवं 'न्याय मित्र' एप का शुभारंभ

### न्यायिक अवसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



**दुर्ग।** जिला दुर्ग में न्यायिक अवसंरचना एवं वैकल्पिक विवाद समाधान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आज वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग के आवासीय क्वार्टर के निर्माण हेतु वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही, इस गरिमामय कार्यक्रम में समाधान और सद्भाव की यात्रा (90 दिवसीय मीडिएशन ड्राइव - Mediation for the Nation) विषयक पुस्तक का विमोचन तथा न्यायिक सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल एवं सुलभ रूप से पहुँचाने हेतु Nyay Mitra मोबाइल एप्लिकेशन का वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया। उक्त कार्यक्रम माननीय न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से संपन्न किया गया। कार्यक्रम की गरिमा माननीय न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर तथा माननीय न्यायाधिपति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर एवं पोर्टफोलियो जज, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ की गरिमामयी वर्चुअल उपस्थिति से और अधिक बढ़ी। न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि - न्यायिक अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण किसी भी प्रभावी एवं उत्तरदायी न्याय प्रणाली की आधारशिला है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग के लिए आवासीय क्वार्टरों का निर्माण न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक सुविधा प्रदान करेगा, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक समर्पण एवं दक्षता के साथ कर सकेंगे। वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली, विशेषकर मीडिएशन, भारत के मुख्य न्यायाधिपति का विजन एवं आज के समय की आवश्यकता है। Mediation for the Nation के अंतर्गत संचालित 90 दिवसीय मेडिएशन ड्राइव समाज में संवाद, समाधान एवं सद्भाव को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस अभियान पर आधारित पुस्तक ÷समाधान और सद्भाव की यात्रा÷ न केवल इस प्रयासों का दस्तावेज है, बल्कि भविष्य में मीडिएशन के क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिए एक प्रेरक मार्गदर्शक भी सिद्ध होगी। उन्होंने न्याय मित्र मोबाइल एप्लिकेशन के शुभारंभ को आम नागरिकों के लिए न्याय तक सरल, त्वरित एवं सुलभ पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह एप्लिकेशन विधिक जानकारी, सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान कर डिजिटल माध्यम से न्यायिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहायक होगा। अंत में मुख्य न्यायाधिपति ने सभी संबंधित विभागों, न्यायिक अधिकारियों, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों को इस सफल एवं बहुआयामी कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की पहलें छत्तीसगढ़ की न्याय प्रणाली को और अधिक सशक्त, संवेदनशील एवं जनोन्मुखी बनाएंगी। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगण, जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण से उपस्थित रहे।संपूर्ण समारोह गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# औद्योगिक क्षेत्र में संचालित प्रतिष्ठानों का किया गया औचक निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जिले के औद्योगिक क्षेत्र में संचालित प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फूटे चना एवं अन्य खाद्य में सिंथेटिक केमिकल औरामिन की उपस्थिति की जांच की गई।

टीम द्वारा फर्म प्रकाशचंद, नेमीचंद एण्ड संस, अवधराम नमकीन, देवांगन जी नमकीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर फूटे चना, रंगीन मटर खाद्य सामग्री के कुल 8 नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। संकलित सभी खाद्य सामग्री नमूने में औरामिन नामक केमिकल का पता लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित प्रयोगशाला में प्रेषित किया गया है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि नमूनों में औरमिन पाये जाने पर संबंधित फर्म पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि औरामिन एक घटक पीले रंग की डाई है। जिसका उपयोग सामान्यः औद्योगिक उपयोग के लिए किया जाता है। खाद्य पदाथों में इसका उपयोग वर्जित है। यह एक सस्ती, आसानी से उपलब्ध और चटक पीला रंग प्रदान करने के लिए उपयोग में लायी जाती है, इसलिए अन्य राज्यों के खाद्य कारोबारकर्ता हल्दी के स्थान पर इसका उपयोग खाद्य पदार्थों जैसे फूटा चना को घटक पीला एवं आकर्षक रंग प्रदान करने के लिए करते पाए गए है। खाद्य सामग्री में औरमिन की उपस्थिति खाद्य सामग्री को उपयोग के लिए असुरक्षित बना देती है। इससे कैंसर, अंगों की क्षति, उत्परिवर्तन, तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग हो सकते है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नागरिकों को स्वस्थ रखने एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य व्यापारियों को प्रतिष्ठानों में सुरक्षित एवं सही गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ विक्रय, भंडारण, प्रदर्शन एवं विनिर्माण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। नागरिकों से औरमिन एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री विक्रय, भंडारण, प्रदर्शन एवं विनिर्माण से संबंधित जानकारी होने पर गुरुद्वारा चौक स्थिति कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन को सूचित करने की अपील की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुभव, नेतृत्व और संगठन की नई ऊर्जा : संजय श्रीवास्तव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री श्री संजय श्रीवास्तव ने आज दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुँचकर श्री नितिन नबीन जी से सौजन्य भेंट की एवं उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अपने संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा की भावना से श्री नितिन नबीन जी पार्टी की विचारधारा एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का कार्य करेंगे तथा भाजपा संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सह-प्रभारी एवं प्रभारी के रूप में श्री नितिन नबीन जी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व और सटीक रणनीति के परिणामस्वरूप राज्य में भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त हुआ। श्री संजय श्रीवास्तव ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री नितिन नबीन जी के मार्गदर्शन में भाजपा और अधिक सशक्त होकर नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगी।

### मेगा हेल्थ कैम्प 2025 में निःशुल्क जयपुर पैर, कृत्रिम हाथ, ट्रायसिकल, व्हीलचेयर व श्रवण यंत्र हेतु दिव्यांगों का आना जारी

**रायपुर।** मेगा हेल्थ कैम्प 2025 का आयोजन आगामी 18 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में किया जा रहा है । मुख्य कार्यक्रम आयोजक राजेश मूणत विधायक व पूर्व मंत्री द्वारा निःस्वार्थ सेवा और मार्गदर्शन हेतु पांच दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है । इस शिविर में श्री विनय मित्र मण्डल द्वारा अस्थायी वर्कशॉप में जयपुर पैर व कृत्रिम हाथ का नाप लेकर निर्माण किया जावेगा । इस हेतु इंदौर से ओम प्रकाश पांडे , मलय साठे , राज शर्मा , सलमान खान की टीम आ गई है , लखनऊ के मिश्रा व रायपुर के जयपुर पैर के वरिष्ठ कारीगर अब्दुल वहीद कुरैशी अपनी सेवाएं देंगे । अस्थायी वर्कशॉप में दिव्यांग भाई बहनों के कटे हाथ पैर के नाप अनुसार कृत्रिम हाथ पैर का निर्माण कर निःशुल्क प्रदान किया जावेगा । अन्य दिव्यांगों का परीक्षण कर ट्रायसिकल , व्हीलचेयर , वैशाखी हेतु चयन किया जावेगा । गूंगे बहरे भाई बहनों की ओड़ियोमेट्री जांचकर श्रवण यन्त्र के लिए चयन किया जावेगा । श्री विनय मित्र मण्डल कार्यालय सुमान कॉम्प्लेक्स सदर बाजार में दिव्यांग भाई बहनों का पंजीयन आरम्भ है अथवा दिव्यांग भाई बहन 18 दिसम्बर को सीधे आयुर्वेदिक कॉलेज भी आ सकते हैं । हाथ पैर कटे दिव्यांग महेन्द्र कोचर 9827156004 , खेमराज बैद 9425513415 , महावीर मालू 9424244444 व महावीर तालेड़ा 9827146263 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।



### निगम सभापति का मोबाइल नंबर हैक : लोगों को जा रहे संदिग्ध कॉल-मैसेज, पैसे मांगने की आशंका, साइबर सेल में शिकायत

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर का मोबाइल नंबर हैक होने का मामला सामने आया है।



हैकिंग के बाद उसी नंबर से संदिग्ध कॉल और मैसेज भेजे जाने की सूचना मिल रही है। आशंका जताई जा रही है कि हैकर इस नंबर का इस्तेमाल कर परिचितों, अधिकारियों और आम लोगों से पैसे मांग सकता है। सभापति सूर्यकांत राठौर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने मोबाइल नंबर हैक होने की सार्वजनिक पुष्टि की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि उस नंबर से आने वाले किसी भी कॉल, मैसेज या भुगतान संबंधी मांग पर भरोसा न करें और किसी भी तरह का लेनदेन न करें। साथ ही संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर सतर्क रहने को कहा है। इस मामले की जानकारी साइबर सेल और स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। जांच के बाद साफहो पाएगा कि हैकिंग किस माध्यम से की गई।

# काम पूरा हुए बिना किसी भी कार्य का 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान नहीं : साव

### विधानसभा शीत सत्रः डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा-फर्जी दस्तावेज लगाने वाली एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### उप मुख्यमंत्री ने विधानसभा में जल जीवन मिशन और सड़कों की मरम्मत से जुड़े सवालों के दिए जवाब

### कहा-प्रदेशभर में सड़कों की मरम्मत का काम द्रुत गति से जारी, अधिकारियों को सभी काम दिसम्बर तक पूर्ण करने के दिए गए हैं निर्देश

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन और सड़कों की मरम्मत से जुड़े सवालों के जवाब दिए।



उन्होंने विधायक श्री धरमलाल कौशिक द्वारा बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि 25 नवम्बर 2025 की स्थिति में बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 199 ग्रामों में कुल 211 कार्य जल जीवन मिशन के तहत लक्षित हैं। इनमें से 92 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 119 कार्य अभी अपूर्ण हैं। क्षेत्र में कोई भी कार्य अप्रारंभ नहीं है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के लिए अब तक कुल 113 करोड़ 15 लाख 34 हजार रुपए का भुगतान किया जा चुका है, जबकि तीन करोड़ 16 लाख 94 हजार रुपए का भुगतान शेष है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री साव ने श्री कौशिक द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि ठेकेदारों द्वारा जितना काम किया गया है और अधिकारियों द्वारा जितने काम का मूल्यांकन किया गया है, उतनी ही राशि का भुगतान किया जाता है। किसी भी



अपूर्ण काम के लिए संपूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने सदन में बताया कि विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि जब तक काम पूर्ण न हो, किसी को भी 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान नहीं करना है। श्री साव ने श्री कौशिक के एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि राज्य में 70 समूह जल प्रदाय योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें से 12 समूह जल प्रदाय योजनाओं के काम ज्वाइंट वेंचर बनाकर आबंटित किए गए हैं। फर्म मेसर्स विजय वी. सालुंखे के अनुभव प्रमाण पत्र के फर्जी होने की शिकायत प्राप्त होते ही विभाग द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने वाले महाराष्ट्र के कराड नगर पालिका से सत्यापन कराया गया। सत्यापन में पाया गया है अनुभव प्रमाण पत्र वहां से जारी नहीं हुआ है जिसके बाद आगे की कार्यवाहियां प्रारंभ की गईं। श्री साव ने बताया कि इस मामले में मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली अपेक्स कमेटी की अनुशंसा पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामला अभी विवेचनाधीन है। जांच के बाद जिनकी-जिनकी संलिप्तता पाई जाएगी पुलिस सब कर कार्यवाही कर सकती है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में बताया कि क्षेत्र में 48 सड़कें मरम्मत के योग्य हैं। इसके लिए सात करोड़ 75 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चार सड़कों की मरम्मत का काम पूर्ण हो गया है तथा 39 सड़कों की मरम्मत का काम प्रगतिरत है। निविदा प्रक्रियाधीन होने के कारण पांच सड़कों के काम अप्रारंभ हैं। विभागीय अधिकारियों को दिसम्बर तक मरम्मत के सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेशभर में सड़कों की मरम्मत का काम द्रुत गति से जारी है। श्री साव ने श्रीमती बघेल द्वारा भू-अर्जन के लंबित मुआवजे के संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री साव ने कहा कि मुआवजा का प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी के यहां प्रक्रियाधीन है।

# वित्त मंत्री बोले-प्रदेश के विकास को गति मिलेगी कांग्रेस ने कहा-कर्ज में डूबता जा रहा छत्तीसगढ़

### भाजपा विधायक अजय चंद्राकर बोले-छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट है, कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा-अनुपूरक बजट में कोई विजन नहीं

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को 35 हजार करोड़ के अनुपूरक बजट मांग पर चर्चा हुई। वित्तीय वर्ष खत्म होने से ठीक तीन महीने पहले पेश किए गए इस बड़े सप्लीमेंट्री बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। सत्ता पक्ष के विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट है। राजस्व व्यय को बढ़ाने की शुरुआत भूपेश बघेल सरकार ने की। कांग्रेस सरकार ने धान खरीदी को राजनीतिक विषय बनाया। छत्तीसगढ़ में नए क्षेत्रों में रोजागर का सृजन हो, इस



दिशा में काम करना होगा। ऐसे उद्योगों को प्राथमिकता देना है, जिसमें छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों का हित हो। अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति दुनियाभर में सबसे समृद्ध संस्कृति है। इसे दुनियाभर के लोगों तक लेकर जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ के पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने दिल्ली तक लेकर जाएं। अलग-अलग दुनिया के दूतावास के अधिकारियों को दिखाया जाएं। इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास को लेकर जल्द से जल्द काम होना चाहिए। श्री चंद्राकर ने कहा कि कृषि क्षेत्र आज भी रोजगार का सबसे मजबूत क्षेत्र है। राज्य की ओर से कृषि अनुसंधान केंद्रों को पैसा नहीं मिल रहा है। इसकी चिंता की जाए। महिला स्व-सहायता समूह की अवधारणा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की थी, जिससे आज कुटीर और पारंपरिक उद्योगों के साथ रोजगार के साधन बने। महिलाएं मजबूत हुई हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 42 प्रतिशत आबादी एससी-एसटी की है। उनके हित के बारे में हमारी सरकार बेहतर काम कर रही है।

**कांग्रेस विधायक राघवेंद्र बोले-सरकार का विजन स्पष्ट नहीं :** कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का कोई स्पष्ट विजन नहीं है। छत्तीसगढ़ आज कर्ज में डूबता जा रहा है। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि 35 हजार करोड़ का भारी-भरकम अनुपूरक बजट की मांग क्यों की जा रही है। वह भी वित्तीय वर्ष के ठीक 3 महीने पहले। मुझे इस अनुपूरक बजट में ऐसी कोई बात दिख नहीं रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आज महिलाओं के साथ क्या हो रहा है ? महतारी वंदन के नाम पर 1 हजार दिया जा रहा है, लेकिन बिजली बिल पर उससे ज्यादा लिया जा रहा है। सरकार का इवेंट मैनेजमेंट पर फोकस है। सरकार कार्यक्रम ज्यादा आयोजित कर रही है, काम कम हो रहा है। उत्सव जनता को मनाने दिया जा रहा है। सरकार उत्सव मनाने के लिए बजट खर्च कर रही है।

# कैंसर क्लिनिक और सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल निर्माण का मुद्दा उठा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा शीत सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को जगदलपुर विधायक किरण देव सिंह ने महारानी अस्पताल में प्रस्तावित कैंसर क्लिनिक और सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के निर्माण में हो रही देरी का मुद्दा उठाया।



उन्होंने बताया कि 12 जून 2025 को स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक सिर्फ टेंडर प्रक्रिया ही चल रही है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि डीपीआर निजी एजेंसी से तैयार कराई जाती है और ईएनसी के माध्यम से स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

मंत्री ने यह भी बताया कि पूर्व प्रवास के दौरान माताओं के लिए एमआरडी भवन की मांग के बाद उसमें भी स्वीकृति जोड़ी गई। दोबारा सवाल पर मंत्री ने सदन में आश्वासन दिया कि कैंसर क्लिनिक और सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल दोनों का निर्माण कार्य जनवरी से शुरू कर दिया जाएगा।

### सड़क मरम्मत के मुद्दे पर बहस

प्रश्नकाल के दौरान ही सड़क मरम्मत को लेकर सदन में तीखी बहस हुई। कांग्रेस विधायक हर्षिता बघेल ने डोंगरगढ़ क्षेत्र सहित राजनांदगांव और खैरागढ़ जिलों की मरम्मत योग्य सड़कों पर कार्रवाई को लेकर लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के जवाब पर सवाल उठाए। मंत्री ने बताया कि दोनों जिलों में 48 सड़कें चिह्नित हैं, जिनमें 39 के टेंडर हो चुके हैं, 4 का काम पूरा हो गया है और 5 पर कार्य शुरू होना बाकी है। इस पर हर्षिता बघेल ने आरोप लगाया कि जमीनी स्तर पर किसी भी सड़क पर काम शुरू नहीं हुआ। और मंत्री ने सदन को गलत जानकारी दी है। विवाद बढ़ने पर आसंदी ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मंत्री की ओर से दी गई जानकारी रिकॉर्ड में ली जाएगी और वही आधिकारिक मानी जाएगी, इसके बाद कार्यवाही आगे बढ़ी।

# स्व. कुलदीप निगम की 23वीं पुण्य तिथि पर अनेक जगह पर पुष्पांजलि

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** प्रेस क्लब रायपुर के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के संस्थापक सदस्य एवं प्रथम महासचिव, माना कैम्प में छत्तीसगढ़ के प्रथम वृद्धाश्रम की स्थापना करने वाले पत्रकार एवं समाजसेवी स्व. कुलदीप निगम जी की 23 वीं पुण्य तिथि पर 16 दिसम्बर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए माना कैम्प स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को चरण पादुका के साथ फल, एवं खाद्य सामग्री वितरण किया गया । साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांग बालगृह ( बालक ), बाल जीवन ज्योति बालिका गृह माना कैम्प में निवासरत बच्चों को भी फल के साथ चिप्स, कुरकुरे और चॉकलेट वितरण किया गया । वृद्धाश्रम परिसर में स्व. निगम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई साथ ही बालगृह में भी फोटो पर माल्यार्पण कर स्व. निगम के द्वारा किए गए कार्य का स्मरण करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। इसी कड़ी में स्व. निगम के पैतृक गांव नर्रा स्थित शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



पुष्पांजलि के अवसर पर कृष्ण कुमार निगम, बिमल घोषाल राजेन्द्र निगम, प्रीति निगम, आशीष निगम, अभिषेक सिंह, श्वेता सिंह, पारुल चक्रवर्ती, काजल दास के साथ सभी संस्थान के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। राजेन्द्र कुमार निगम अध्यक्ष कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प रायपुर ।

# नेशनल हेराल्ड केस को अदालत द्वारा रद्द करना सत्य की जीत : दीपक बैज

### भाजपा और मोदी-शाह के षड्यंत्र का पर्दाफाश हो गया

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की एफआईआर को अदालत ने रद्द कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एक बार फिर सत्य की जीत हुई। इस फैसले से साबित हो गया कि मोदी-शाह और भाजपा का षड़यंत्र था। हेराल्ड मामले में इस निर्णय से साफ हो गया कि कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ केस साफ तौर पर राजनीति से प्रेरित था, जो भाजपा सरकार की बढ़ती निराशा की वजह से था, क्योंकि कांग्रेस पार्टी पिछले 11 सालों से लगातार उसकी नाकामियों को सामने ला रही थी। जैसे ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार की वोट चोरी का पर्दाफाश किया, भाजपा सरकार और उसकी एजेंसियों जिसमें ईडी भी शामिल है, के पास नए आरोप खत्म हो गए। जब तथ्य कम पड़ गए, तो नाटक शुरू हो गए, चुनिंदा मुकदमे चलाए गए, नए आरोप लगाए गए और राजनीतिक विरोधियों को हमेशा कटघरे में खड़ा रखने की एक पतली सी कोशिश की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ईडी और भाजपा के षड़यंत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज किया था।



ईडी सत्ता की गुलाम बन चुकी है इसे भंग कर दिया जाना चाहिये। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट मोदी के डर को दिखाता है। अदालत के फैसले से साबित हो गया कि जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे है, जनता की आवाज उठा रहे है, उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा था। भाजपा की केंद्र सरकार दबाव की राजनीति कर रही है। वह सोच रही है कि ईडी, सीबीआई, आईटी और सुरक्षाबलों को आगे कर कांग्रेस के द्वारा जनता के हित में उठाये जाने वाली आवाज को दबा देंगे। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का नेतृत्व भाजपा की इन दमनकारी नीति से डरने वाला नहीं है।

### जेसीबी ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा : दुर्ग-रायपुर में राजेंद्र, बस्तर में हेमराज बने प्रभारी

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसमें प्रदेश कार्यसमिति, जिलाध्यक्षों और संभाग प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी सूची के अनुसार, राजेन्द्र नायक को रायपुर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि बिलासपुर संभाग की जिम्मेदारी शांतनु साहू को सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने दोनों नेताओं पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और ओबीसी समाज को पार्टी से जोड़ने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। आदेश के मुताबिक, राजेन्द्र जायसवाल को दुर्ग संभाग का प्रभारी बनाया गया है। तुलसी साहू को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, सरगुजा संभाग की कमान होरीलाल सिन्हा को सौंपी गई है, जबकि बस्तर संभाग का प्रभारी हेमराज सोनी को बनाया गया है। संगठनात्मक संतुलन और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए सभी संभागों में जिम्मेदारियां तय की गई हैं। पदाधिकारियों की सूची में प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, मंत्री, सोशल मीडिया प्रभारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां की गई हैं।

# सफाई में लापरवाही पर एक्शन, एजेंसी का ठेका निरस्त

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** नगर निगम जोन-9 कमिश्नरी के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड क्षेत्र अंतर्गत कचना स्थित बीएसयूपी कॉलोनी की लचर सफाई व्यवस्था के कारण सफाई एजेंसी का ठेका निरस्त कर दिया गया. जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा ने बताया कि यहां पिछले एक महीने से सफाई का बुरा हाल था, शिकायत और निरीक्षण के बाद अनुबंधित एजेंसी स्वच्छ संकल्प की संचालक वीणा सेंद्रे को तीन बार नोटिस देकर व्यवस्था सुधारने अल्टीमेटम दिया गया। इस कॉलोनी में लगभग 1500 परिवार निवास करते हैं। इनके द्वारा निकाला गया कचरा और यहां तक कि नालियों की सफाई का कचरा भी महीनों नहीं उठाया जाता था। वस्तुस्थिति से निगम आयुक्त विश्वदीप को अवगत कराया गया।

जोन कमिश्नर शर्मा ने बताया कि 15 दिसंबर को आयुक्त ने स्वयं अधिकारियों के साथ जाकर कचना बीएसयूपी कॉलोनी की दशा देखी, तदुपरांत उन्होंने एजेंसी का ठेका निरस्त कर उसकी अमानती राशि राजसात करने का आदेश दिया। इसी के साथ उन्होंने सोकरा नाला के आसपास हुए कब्जे को




देखकर इस पर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश जोन कमिश्नर को दिया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व लोक लेखा समिति द्वारा कुछ साल पहले इसी बीएसयूपी कॉलोनी का दौरा करके यहां की व्यवस्था पर कलेक्टर और निगम आयुक्त को निर्देश जारी किया गया था। इसके बाद यहां की सफाई के लिए निगम की ओर से अतिरिक्त सफाई कामगारों का ठेका भी किया गया। इसके बावजूद यहां की व्यवस्था नहीं सुधरने पर अब सफाई एजेंसी पर कार्रवाई की गई।

**मोवा-सड्डू क्षेत्र में भी जांच-पड़ताल होगी**

जोन कमिश्नर ने कहा कि मोवा और सड्डू क्षेत्र के वार्डों में भी बीएसयूपी कॉलोनियां हैं। यहां के लिए भी जोन के सफाई अधिकारी को औचक निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। सड्डू एरिया में खालबाड़ा एवं अन्य झुग्गी बस्तियों के परिवारों को बीएसयूपी मकानों में विस्थापित किया गया है। यहां भी सफाई को लेकर शिकायतें अब आने लगी हैं।

### 15 की जगह कभी 5 या 8 कर्मचारी

जोन कमिश्नर शर्मा ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार नोटिस के बावजूद सफाई एजेंसी ने यहां अनुबंधित 15 सफाई कामगारों की ड्यूटी नहीं लगाई। जोन के सफाई अधिकारी ने औचक निरीक्षण में भी यहां कभी 5 तो कभी 8 कर्मचारी ही सफाई करते पाये। इसकी रिपोर्ट तैयार करके आयुक्त को भेजने के बाद ठेका निरस्त करने की कार्रवाई की गई।

### जेसीबी से हनुमान भगवान की मूर्ति खंडित, जमीन विवाद में मूर्ति शिफ्टिंग के दौरान हुई घटना

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में जेसीबी से हनुमान भगवान की मूर्ति हटाने के दौरान खंडित हो गई। इस घटना के बाद मोहल्लेवासियों ने जमकर बवाल किया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है ये पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। यह पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र के पचपेड़ी नाका के पास धर्मनगर का है। स्थानीय निवासी नीतू सोनी ने बताया कि उनके मोहल्ले के सामने एक खाली जमीन है, जिसे अरिहंत नाम का युवक अपना बताता है। मोहल्लेवासियों ने जमीन पर एक चौरा बनाकर हनुमान भगवान की मूर्ति रखी थी। सोमवार देर रात वह कुछ लड़कों के साथ जेसीबी मशीन लेकर जमीन पर पहुंचा। उस मूर्ति को जेसीबी से शिफ्ट करने लगा। इस दौरान मूर्ति खंडित हो गई। मोहल्लेवासियों को देर रात इसकी भनक लगी। तो वे एकत्रित होकर आरोपियों का विरोध करने लगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी वहां मौजूद था। मंगलवार सुबह मोहल्ले वासियों ने टिकरापारा थाने में जमकर बवाल किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने को लेकर एफआईआर दर्ज की है।

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पूर्व क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** पूर्व क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का उद्घाटन 15 दिसंबर 2025 को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) में किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा निदेशालय द्वारा अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ढ्ढ) के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में पूर्व क्षेत्र की विभिन्न विश्वविद्यालयों की 25 पुरुष टीमों एवं 18 महिला टीमों की भागीदारी है। प्रतियोगिता का आयोजन नॉक-आउट सह लीग प्रणाली के अंतर्गत किया जा रहा है।



15 दिसंबर 2025 को प्रतियोगिता के प्रथम दिवस प्रातः 9:00 बजे से मुकाबलों की शुरुआत हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। कई रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबलों ने प्रतियोगिता के स्तर को दर्शाया। आयोजन समिति एवं तकनीकी अधिकारियों के कुशल प्रबंधन से प्रथम दिवस के सभी मुकाबले सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन समारोह अपराह्न 3:00 बजे स्कूल ऑफ स्टडीज इन फिजिकल एजुकेशन, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल ने विशेष अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके उपरांत विश्वविद्यालय कुलगीत एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत प्रस्तुत किए गए। अतिथियों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रो. रीता वेणुगोपाल, क्रीड़ा निदेशक एवं आयोजन सचिव, ने उद्घाटन वक्तव्य प्रस्तुत किया तथा प्रतियोगिता के उद्देश्य एवं अंतर-विश्वविद्यालय खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात खिलाड़ियों द्वारा खेल भावना एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की शपथ ली गई। उद्घाटन समारोह को रिदमिक योग, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, सामूहिक प्रदर्शन तथा गतका जैसी आकर्षक सांस्कृतिक एवं शारीरिक प्रस्तुतियों ने विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल, कुलसचिव, ने समग्र शिक्षा में खेलों की भूमिका पर बल दिया।

**शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।**
**डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।**

## संपादकीय

### प्रदूषण का कहर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रदूषण और कोहरे की बेहद घातक मार झेल रहा है। जहां प्रदूषण अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़ने पर आमादा है, वहीं कोहरे की वजह से दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है। अकेले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर 30 से ज्यादा वाहन टकरा चुके हैं और कई लोगों की मौत हुई है। सरकार अपने स्तर पर सावधानी बरतने की सलाह दे रही है, तो भारत में सिंगापुर उच्चायोग ने भी दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अपने नागरिकों को संभलकर रहने की सलाह दी है। मास्क अब मजबूरी हो गए हैं। आंकड़ों को देखें, तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समीर एप के अनुसार, सोमवार, दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय राजधानी में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 437 था। पूरी राजधानी में प्रदूषण समान रूप से पसरा और ठहरा हुआ है। आशंका यह भी है कि आंकड़े जो बताए जा रहे हैं, असली हाल उससे कहीं बदतर है। हवा में तेजी नहीं है और न बारिश के आसार हैं। पूरा माहौल जहरीला हो गया है। ठंड, प्रदूषण व कोहरा, तीनों के दुष्परिणामों से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। दिल्ली में सरकार ने अनेक इंतजाम किए हैं, पर मौसम इतना खराब है कि जल्दी राहत की उम्मीद नहीं है। लोगों को अपने स्तर पर सतर्क रहने की सलाह बार-बार दी जा रही है। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने और बहुत संभलकर वाहन चलाने के लिए कहा जा रहा है। विशेषज्ञ यह मानते हैं कि जहां तक जरूरी हो, लोग अपने घर से ही काम करें और जहां तक संभव हो, बच्चों को ऑनलाइन ही पढ़ाया जाए। यह बताने की जरूरत नहीं कि खराब मौसम या प्रदूषण का सर्वाधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है। प्रदूषण अचानक जान नहीं लेता, लेकिन लोगों को धीरे-धीरे मौत की ओर ले जाता है। क्या सब लोग इस बात को जानते हैं? क्या लोग अपने स्तर पर प्रदूषण रोकने की कोई न कोई कोशिश करते हैं? इतने प्रदूषण के बावजूद कितने लोग हैं, जो पर्यावरण या खुद अपनी सेहत को लेकर फिक्रमंद हैं? गौर करने की बात है कि ऐसे अनेक सवालों का अंबार लग गया है और किसी के पास कोई फौरी जवाब नहीं है। जहां सड़क यातायात पर असर पड़ा है, वहीं हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली में छाई धुंध की वजह से 61 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं और 400 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है। अनेक विमानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है, जिससे यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है। कोई अचरज नहीं, सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदूषण पर फिर सुनवाई की है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने स्वयं यह सवाल उठाया है कि महानगरों की अपनी जीवनशैली है, लेकिन गरीबों का क्या होगा? न्यायमूर्ति ने अपनी विवशता का भी इजहार किया है। उनका यह मानना स्वाभाविक है कि अदालत चाहे, तो कड़े आदेश दे सकती है, लेकिन ऐसे आदेश देने का कोई अर्थ नहीं, जिसे लागू न किया जा सके। अदालत के रुख से ऐसा लगता है कि प्रदूषण की विकराल होती समस्या की गंभीरता को समझा गया है और संभवतः हर महीने दो बार प्रदूषण के खिलाफ अदालत में सुनवाई की जाएगी।

# परिवर्तन से गुजरती परंपरा : भारतीय हस्तशिल्प गढ़ रहे हैं आधुनिक डिजाइन की पहचान

■ पबित्रा मार्गेरिटा, कपड़ा और विदेश राज्य मंत्री





ग्रामीण असम में शिल्पकारों की एक बस्ती की हाल की यात्रा के दौरान एक सामान्य से दृश्य में भारत के हस्तशिल्प तंत्र में आ रहे गहरे बदलाव की झलक दिखाई दी। अनेक शिल्पकार सूखी हुई जलकुंभी को बुन रहे थे। लेकिन ये शिल्पकार वे परंपरागत टोकरियां नहीं बना रहे थे जिन्हें उनका समुदाय सदियों से बुनता आ रहा है। इसके बजाय वे कॉरपोरेट बैठकों के लिए खूबसूरत ऑफिस फोल्डर बना रहे थे। उनके हाथ पीढ़ियों से जारी कला को आगे बढ़ाते हुए चिरपरिचित लय में चल रहे थे। लेकिन उनके उत्पाद और उद्देश्य, दोनों ही पूरी तरह से बदल चुके हैं।

हम 08 से 14 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प दिवस मना रहे हैं। ऐसे में, यह दृश्य भारत के हस्तशिल्प परिदृश्य में एक मूक क्रांति का प्रतीक है। हमारी जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। उनका नई जगहों, नए बाजारों और नूतन भविष्य में विस्तार हो रहा है। मूल विशेषताओं की शुद्धता बरकरार रहने के बावजूद माध्यमों और स्वरूपों में जो विकास हो रहा है उसकी कल्पना एक दशक पहले शायद ही की जा सकती थी।

*जीवंत ज्ञान प्रणाली के रूप में हस्तशिल्प*

इस विकास को समझने के लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय हस्तशिल्प सिर्फ सुंदरता की वस्तु नहीं रहे हैं। वे सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक परंपराओं में गहराई से रची-बसी जीवंत ज्ञान प्रणालियां हैं। मधुबनी में महिलाएं परंपरागत तौर पर त्यौहारों, शादियों और जीवन संस्कारों के दौरान ताजा लेपी गई दीवारों पर चावल के पेस्ट से पेंटिंग बनाती थीं। इन चित्रों में मछली को जनन क्षमता और मोर को प्रेम का प्रतीक माना जाता था। चित्रण अपने मूल में व्यक्तिगत के बजाय सामूहिक हुआ करता था। गोंड समुदाय के लिए पेंटिंग उसके जीव संबंधी विश्वासों तथा जंगलवासी प्राकृतिक शक्तियों और रक्षा करने वाली आत्माओं से जुड़ी है। उनकी कला सिर्फ सुंदर ही नहीं, बल्कि वाचक परंपरा में जड़ों वाला अनुष्ठानिक ब्रह्मांड विज्ञान भी है। स्वरूपों को हमेशा उपयोग ने गढ़ा है। असम में जलकुंभी को सुखाने के बाद बुन कर घर में काम आने वाली टोकरियां बनाई जाती हैं। कर्नाटक में लाख के लेप वाले चन्नपटना काष्ठ खिलौने बच्चों के खेलने के काम आते हैं। उन्हें पीढ़ियों से खराद पर बनाया जाता रहा है। माध्यम, स्वरूप और आकृति को एकदूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। वे विशिष्ट अनुष्ठानिक और कार्यात्मक संदर्भों से आबद्ध हैं।

**परंपरा का आधुनिक अभिव्यक्ति में विस्तार :** आज जो हो रहा है, वह परंपरा से अलग नहीं, बल्कि उसका विस्तार है। मूलभाव, पैटर्न और तकनीकें अभी भी पहचानी जा सकती हैं, लेकिन उनके प्रयोग आश्चर्यजनक रूप से समकालीन हो गए हैं। यह बदलाव केवल एक आयामी नहीं, बल्कि बहु-आयामी है। मधुबनी की मछली, जो कभी एक बड़ी प्रजनन कथा का हिस्सा हुआ करती थी, अब तकिए, टोट बैग और फोन कवर पर दिखाई देती है, जिसे आज के समय के अनुसार इस्तेमाल के लिए नया रूप दिया गया है। गोंड के गहरे रंगों वाले जानवर और पौधे और ज्यामिति डिज़ाइन आज अपने पौराणिक संदर्भ से बाहर भी सराहे जाते हैं।

हालांकि, सबसे बड़ा परिवर्तन माध्यम में आया है। जलकुंभी आज कॉर्पोरेट फ़ोल्डर और डिज़ाइनर हैंडबैग का रूप ले रही है। मधुबनी कला मिट्टी की दीवारों से हटकर लकड़ी के फर्नीचर, वस्त्रों और चमड़े के सहायक उपकरणों पर की जाने लगी है। चन्नपटना शिल्प, जो कभी केवल खिलौनों में ही दिखता था, अब सजावटी नक्शों, झूमरों, गृह सज्जा और डिज़ाइनर फ़र्नीचर में दिखाई देता है। पारंपरिक लाख का अभी भी इस्तेमाल हो रहा है लेकिन उसका रूप पूरी तरह आधुनिक हो गया है। यह बदलाव आज के अनुकूल है, न कि उसका कमजोर पड़ना। भारतीय शिल्प पर आधारित फैशन की वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पहचान बन गयी है, जिसमें पारंपरिक कढ़ाई को पेरिस हौते कॉउचर वीक में प्रदर्शित किया गया था। नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरिया जैसे संग्रहालयों में अब ट्रांसफ़ॉर्मिंग वर्ल्ड्स जैसी प्रदर्शनियाँ गोंड और मधुबनी कला और उनके आधुनिक रूपों को उनकी संस्कृति या समाज के संदर्भों के बजाय समकालीन कला के तौर पर चित्रित कर रही हैं।

**नेतृत्व और सरकारी हस्तक्षेप परिवर्तन को गति दे रहे हैं :** इस परिवर्तन को राष्ट्रीय नेतृत्व और रणनीतिक सरकारी हस्तक्षेपों से महत्वपूर्ण समर्थन मिला है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने इस आंदोलन को असाधारण गति दी है। उनका 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' का बार-बार किया गया आह्वान कारीगरों के प्रति उनके गहरे लगाव को दर्शाता है। वह हमेशा नागरिकों से स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह करते हैं, जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा है कि- ÷जब हम ऐसा करते हैं, तो हम केवल सामान नहीं खरीदते हैं; हम एक परिवार के लिए आशा लाते हैं, एक कारीगर की कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं, और एक युवा उद्यमी के सपनों को पंख देते हैं।÷ उन्होंने अपने नवीनतम ÷मन की बात÷ संबोधन में बताया कि वह विश्व के नेताओं के साथ मुलाकातों के दौरान जानबूझकर हाथ से बने भारतीय उत्पादों को ही उपहार के रूप में क्यों देते हैं। ऐसा करके वह यह सुनिश्चित करते हैं कि वह जहाँ भी जाएँ उनके साथ साथ भारत की समृद्ध शिल्प विरासत भी जाये। उन्होंने कहा की कि यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह उनकी ओर से भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करने का एक तरीका है ताकि हमारे कारीगरों की प्रतिभा को दुनिया भर के सामने लाया जा सके। विभिन्न सरकारी पहलें इस परिवर्तन को गति दे रही हैं। वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के माध्यम से, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत कारीगरों को कौशल विकास, क्लस्टर-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, विपणन सहायता, अवसंरचना और प्रौद्योगिकी सहायता और ऋण उपलब्ध कराकर सीधे सहायता प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान(निफ्ट) ने भारत भर में अपने 19 परिसरों के माध्यम से, शिल्पकारों और समकालीन डिजाइनरों के बीच सेतु का निर्माण किया है ताकि आधुनिक डिजाइनों में हमारी परम्परा की झलक भी मिल सके। भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने 366 से अधिक हस्तशिल्पों को संरक्षित किया है। इससे सामुदायिक प्रतिभा की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और उन्हें सही में मान्यता मिलती है। मैं असम राज्य से हूँ, वहां के कई पारंपरिक हस्तशिल्पों जैसे कि सर्थेबारी मेटल क्राफ्ट, माजुली मास्क, बिहू ढोल, जापी, पानी मेतेका, आशारिकांदी टेराकोटा और बोडो समुदाय के कई अन्य हस्तशिल्पों को हाल ही में भौगोलिक संकेत (जीआई टैग) पंजीकरणों की मान्यता मिली है जो कि बहुत लंबे समय से अपेक्षित थी। प्रत्येक पंजीकरण यह दर्शाता है कि कैसे असम या पूरे भारत के हर कोने में विविधता की झलक मिलती है जो दशकों तक उपेक्षित रहने के बाद, आज राष्ट्रीय मंच पर एक नया स्थान पा रही है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### समय का महत्व

यह घटना उस समय की है, जब स्वतंत्रता आंदोलन जोर पकड़ रहा था। गांधीजी घूम-घूमकर लोगों को स्वराज और अहिंसा का संदेश देते थे। एक बार उन्हें एक सभा में बुलाया गया। सभा का संचालन एक स्थानीय नेता को करना था। गांधीजी समय के पाबंद थे। वह निर्धारित समय पर सभास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने देखा कि सभास्थल पर सभी लोग पहुंच गए हैं, लेकिन जिन नेता को सभा का संचालन करना था, वह नहीं पहुंच पाए हैं। सभी लोग बेसब्री से उस नेता की प्रतीक्षा करते रहे।

वह पूरे पैंतालीस मिनट बाद सभास्थल पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि उनकी अनुपस्थिति में ही सभा चल रही है। यह देखकर वह लज्जित हुए। मंच पर पहुंच कर उन्होंने आयोजकों से पूछा कि उनके बिना सभा कैसे प्रारंभ हुई? इस पर आयोजक कुछ नहीं बोले। गांधीजी नेताजी के हाव-भाव से उनकी बातें समझ गए। वह मंच पर आए और नेताजी की ओर देखते हुए बोले, %माफ कीजिएगा, लेकिन जिस देश के अग्रगामी नेतागण ही महत्वपूर्ण सभा में पैंतालीस मिनट देर से पहुंचेगे वहां पर स्वराज भी उतनी ही देर से आएगा। नेता के इंतजार में अन्य लोग भी कार्य प्रारंभ नहीं कर सकते। यह सोचकर मैंने सभा शुरू करा दी क्योंकि मुझे डर था कि आपके देर से आने की आदत धीरे-धीरे अन्य लोगों को भी न लग जाए। मेरा मानना है कि लोग एक-दूसरे की अच्छी बातें ही सीखें, बुरी बातें नहीं।% गांधीजी की बात सुनकर नेताजी को शर्मिंदगी महसूस हुई। उन्होंने उसी क्षण संकल्प लिया कि आगे से वह भी वक्त का महत्व समझेंगे और अपना हर कार्य निर्धारित समय पर करेंगे।

## धर्म-कर्म

### नए साल में 12 नहीं 13 महीने, अधिकमास के आखिर के 5 दिन बहुत खास

साल 2026 बहुत खास रहने वाला है। इस मास में 12 महीने नहीं बल्कि 13 महीने होंगे, इस मास एक एकस्ट्रा महीना, जिसके अधिकमास कहते हैं, वो होगा। यह महीना मई 2026 के बाद आएगा, हिंदी पंचांग के अनुसार विक्रम संवत 2083 में ज्येष्ठ का महीना 2 महीने तक चलेगा। इसे पुरुषोत्तम मास, अधिकमास और मलमास भी कहते हैं। आपको बता दें कि चंद्र मास जुड़ने से अगले साल 2026 में ज्येष्ठ मास लगभग 60 दिनों तक चलेगा। अगर आपको सरल शब्दों में बताएं, तो चंद्रमा और सूर्य कैलेंडर के अंतर के कारण ये स्थिति बनती है। अधिकमास का समय धार्मिक रूप से बहुत अधिक पवित्र माना जाता है। इस महीने में स्नान और दान का बहुत अधिक महत्व है। पुराणों का कहना है कि अधिकमास के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष के आखिरी के 5 दिन बहुत खास माने जाते हैं।इस महीन की एकादशी और द्वादशी से लेकर अमावस्या और शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तक स्नानऔर दान का अक्षय फल मिलता है। ऐसा कहा जाता गै कि इस महीने में भगवान विष्णु की अराधना के लिए 33 चीजें दान करनी चाहिए और भगवान के 33 नाम बोलने चाहिए। इससे लक्ष्मी, पुत्र, पौत्र, सुख और समृद्धि बढ़ती है। इससे आपकी लाइफ में खुशियां ही खुशियां रहती है। इस दिन व्रत, उपवास, पूजा और दान जैसे शुभ लाभ मिलता है। इससे भगवान श्रीकृष्ण की कृपा मिलती है। इस पवित्र तिथि पर दीपदान, मालपुआ और पान का दान करने का विधान भी ग्रंथों में बताया गया है। ऐसा कहा जाता है कि जो भी कुछ इस महीने में दान किया जाता है, उसका दोगुना फल हमें मिलता है।

## आंचलिक

# धान खरीदी कार्य को गंभीरता से करें सुनिश्चित : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने मंगलवार को विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों की प्रगति की व्यापक समीक्षा समय-सीमा की बैठक के दौरान की। कलेक्टर श्री हरिस ने धान खरीदी व्यवस्थाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी कार्य को पूरी गंभीरता के साथ सुनिश्चित करें। इस दिशा में किसानों को टोकन की उपलब्धता, बारदाने की व्यवस्था, समय पर धान की तौल इत्यादि को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों के प्रतिदिन व्यवस्थाओं का संज्ञान लेकर सप्ताहांत के दिन में मौका मुआयना भी करें। किसानों के टोकन के आधार पर गेट पास ऐप में फोटो अपलोड अनिवार्य तौर पर किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध धान की आवक रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करें और इस हेतु टीम को सक्रिय रखने सहित सूचना तंत्र को मजबूत कर आवश्यक कार्रवाई निरन्तर सुनिश्चित करें। उन्होंने खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, शेड, बैठने की व्यवस्था रखने कहा और केंद्र में प्रदर्शित संपर्क नंबर सक्रिय रखे जाने के निर्देश दिए। वहीं साप्ताहिक ऑनलाइन रिपोर्ट नहीं देने वाले 19 नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी धान संग्रहण केंद्रों की तैयारियां समय पर पूर्ण करने कहा। उन्होंने कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलर्स पंजीयन, अनुबंध, उठाव की स्थिति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने धान विक्रय करने वाले किसानों का रकबा समर्पण करने की पर जोर देते हुए कहा कि जो किसान अपनी आवश्यकता के अनुरूप धान बेच चुके हैं उनका रकबा समर्पित करवाया जाए। उन्होंने इस कार्य में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास के विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ ही मनरेगा के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, विकासखंड स्तर पर रेडी टू ईट उत्पादन ईकाई के कार्य की प्रगति और ईकाई में निर्मित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच एवं पोषण ट्रेकर एप में एंट्री के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के उल्लास योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और जाति प्रमाण पत्र प्रदाय की स्थिति की समीक्षा की। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आधार रीडिंग एवं किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सुविधा देने प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शासकीय भवन यथा स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, पीडीएस दुकान के निर्माण हेतु भूमि आबंटन संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु एसडीएम को विशेष रूप से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में एनसीईआर रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए आधार रिवेरिफिकेशन, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय निर्माण जैसे योजनाओं की जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही राशन कार्ड हेतु पात्र हितग्राहियों का घर-घर सत्यापन कर कार्ड निर्माण करने के निर्देश दिए। वहीं जननी सुरक्षा, पेंशन योजनाओं के रिवेरिफिकेशन किये जाने कहा। बैठक में बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के विकास कार्यों, आदिवासी उपयोजना के निर्माण कार्यों एवं अधोसंरचना विकास, जल जीवन मिशन की प्रगति, स्वामित्व योजना, पूर्व ग्रामों के नवीन अधिकार अभिलेख की समीक्षा की गई।

# पीएमजीएसवाय 2.0 योजना के पात्र हितग्राहियों को किस्तों का भुगतान तेजी से जारी

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य लगातार प्रगति पर है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शी भुगतान प्रणाली के माध्यम से अब तक कुल 7 हितग्राहियों को रुपये 4.89 लाख की अनुदान राशि का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। आगामी चरण में कुल 5 अतिरिक्त हितग्राहियों को अनुदान राशि का भुगतान किए जाने हेतु संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय में बिल प्रेषित कर दिया गया है। यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद कों पीएमजीएसवाय 2.0 योजना के तहत 32 आवास स्वीकृत किए गए थे। इस क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बीएलसी (प्रथम चरण) तथा पीएमजीएसवाय 2.0 के तहत निर्माणाधीन सभी आवासों में नियमानुसार निर्माण प्रगति होने पर, यथा नींव, लिंटल, छत एवं पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होगा, उसी अनुरूप शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ हितग्राहियों के आधार सीडिंग, बैंक खाता लिंकिंग से संबंधित तकनीकी समस्याएँ सामने आई हैं, जिनके समाधान हेतु नगर निकाय द्वारा संबंधित विभागों एवं बैंकों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को अनुदान प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। नगरपालिका परिषद अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से योजना का लाभ देने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## आज का इतिहास

- ✳2014 - अमेरिका और क्यूबा ने 55 साल के बाद दोबारा कूटनीतिक संबंधों को बहाल किया।
- ✳2009 - लेबनान के समुद्री तट पर कार्गो जहाज एमवी डैनी एफ टू के डूबने से 40 लोगों तथा 28000 से अधिक पशुओं की मौत हो गयी।
- ✳2008- शीला दीक्षित ने दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। केन्द्र सरकार ने शासन बलों में पदोन्नति के लिए नई पदोन्नति नीति की घोषणा की।
- ✳2005 - भूटान के राजा जिग सिगमे वांचुक को सत्ता से हटाया गया।
- ✳2002 - तुर्की ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का समर्थन किया।
- ✳2000 - भारत और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष मुख्यालयों में हॉटलाइन पुनः शुरू, नेशनलिस्ट सर्व डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता मिरको सरोविक ने बोस्निया में राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

प्रथम पेज का शेष

## विकास, अनुशासन और...

सड़क, पुल, सिंचाई, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में किया गया निवेश आने वाले दशकों तक विकास के स्थायी स्रोत तैयार करता है। इसी सोच के साथ सरकार ने पूंजीगत व्यय को अपनी विकास रणनीति का केंद्र बनाया है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद बीते 25 वर्षों में पूंजीगत व्यय में लगभग 55 गुना की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहाँ पूंजीगत व्यय ?13,320 करोड़ था, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर ?15,419 करोड़ और 2024-25 में ?20,055 करोड़ तक पहुँचा। मुख्य बजट 2025-26 में पूंजीगत व्यय के लिए ?26,341 करोड़ का प्रावधान किया गया है, साथ ही अनुपूरक बजट में अतिरिक्त ?2,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट के कुल आकार के अनुपात में भी पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ पूर्व सरकार के समय यह लगभग 3.5 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2025-26 में इसके 4.1 प्रतिशत तक पहुँचने की संभावना है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि सरकार दीर्घकालिक विकास और मजबूत अधोसंरचना निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। अपने वक्तव्य के समापन में वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि यह सरकार वादों पर नहीं, बल्कि परिणामों पर विश्वास करती है। पूंजीगत व्यय के माध्यम से संकल्पों को कागज से जमीन तक उतारने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से सशक्त, अधोसंरचना के दृष्टिकोण से मजबूत और देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करना है। अनुपूरक बजट में सड़क एवं भवन निर्माण क्षेत्र को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। अधोसंरचना से जुड़े निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के उद्देश्य से अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण सड़क कार्यक्रम (आरआरपी फेज-2) हेतु ?175 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं राज्य में प्रमुख सड़कों के उन्नयन एवं विस्तार के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना (एडीबी लोन-3) के अंतर्गत ?150 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट रेल लाइन परियोजना के लिए ?86 करोड़ की राशि का प्रावधान कर क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। अनुपूरक बजट में कृषि विकास एवं किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को आधुनिक एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि उन्नति योजना के लिए अनुपूरक बजट में ?2,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही किसानों को 5 एचपी तक के पंपों के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने हेतु ?1,700 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे सिंचाई लागत में कमी आएगी और कृषि उत्पादन को स्थायी बल मिलेगा। किसानों को बिना ब्याज के ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनुपूरक में ?187 करोड़ का प्रावधान कर उन्हें वित्तीय संबल प्रदान किया गया है।इसके अतिरिक्त, फसल जोखिम से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 122 करोड़ का प्रावधान किया गया है, वहीं कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन एवं सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना हेतु 35 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कृषि नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में बायोटेक इन्क्यूबेशन सेंटर के भवन निर्माण के लिए ?4 करोड़ का प्रावधान कर राज्य में कृषि आधारित नवाचार एवं तकनीकी विकास को नई गति देने का प्रयास किया गया है। अनुपूरक बजट में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। पिछली सरकार द्वारा छोड़े गए लंबित भुगतानों के निपटान हेतु अनुपूरक बजट में कुल ?19,224 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सुरक्षा तंत्र को स्थायित्व प्रदान किया जा सके। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत ?6,800 करोड़ का प्रावधान किया गया है, ताकि पात्र हितग्राहियों को नियमित, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही राज्य में धान खरीदी की महत्वपूर्ण व्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से मार्कफेड को धान खरीदी में हुई हानि के निपटान हेतु ?12,424 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान से न केवल किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा, बल्कि राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सुरक्षा ढांचे को भी दीर्घकालिक स्थिरता मिलेगी, जिससे आम नागरिकों के पोषण एवं खाद्य अधिकारों की प्रभावी रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। अनुपूरक बजट में सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों तक फायर वाहन एवं आधुनिक अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था हेतु अनुपूरक बजट में ?154 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे आपदा एवं अग्नि दुर्घटनाओं की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (हृक्क्र) कैमरा प्रणाली के लिए ?75 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही परिवहन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य के समस्त परिवहन कार्यालयों में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के निर्माण हेतु अनुपूरक में ?12 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु अनुपूरक बजट में ?35 करोड़ की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। इन पहलों के माध्यम से सरकार न केवल सड़क सुरक्षा को मजबूत कर रही है, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवहन की दिशा में भी ठोस कदम उठा रही है।

इन प्रावधानों के माध्यम से सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आवास, अधोसंरचना, स्वच्छता और आजीविका के समन्वित विकास को सुनिश्चित करते हुए गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## छत्तीसगढ़ में 11 आईएएस ...

अमित कुमार की जगह पर प्रकाश कुमार सर्वे को नगर निगम बिलासपुर का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम में फेरबदल : बेमेतरा के कलेक्टर रहे रणबीर शर्मा को नई जिम्मेदारी देते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) का प्रबंध संचालक बनाया गया है। उनके पदभार संभालने के बाद संजीव कुमार झा को एनएचएम के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

जिला पंचायत और मंत्रालय में भी तबादले : प्रशासनिक आदेश के तहत गजेन्द्र सिंह ठाकुर को जिला पंचायत धमतरी का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। वहीं रोमा श्रीवास्तव को धमतरी जिला पंचायत से हटाकर मंत्रालय में उप सचिव पद पर पदस्थ किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 20 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला जन कल्याणकारी योजना के तहत मिला मुफ्त गैस सिलेंडर और चूल्हा



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत ग्राम कुगदा के 20 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मंत्री उज्वला जन कल्याणकारी योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हा वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद राजमहंत ओंकार प्रसाद मारकंडे के द्वारा प्रदान किया गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की उज्वल योजना के तहत गरीब परिवार के मातृ शक्तियों को चूल्हे से निकलने वाले धुंए के प्रदूषण से होने वाली बिमारियों से बचाने तथा वायु प्रदूषण को रोकने के लिए इस योजना को लागू किया गया है । अब तक प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत देश के करोड़ों परिवार को इसका लाभ मिल चुका है। ग्राम कुगदा की माताओं ने मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हा पाकर खुशी जाहिर की एवं सभी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### सोनकर समाज कुम्हारी राज में महिला एवं युवा पदाधिकारियों का हुआ गठन, सरस्वती सोनकर बनी अध्यक्ष



**कुम्हारी।** सोमवार को वार्ड क्रमांक 14 स्थित सोनकर समाज भवन में कुम्हारी राज सोनकर समाज के सदस्यों द्वारा बैठक आहूत की गई जिसमें केंद्रीय सोनकर समाज के आदेशानुसार कुम्हारी राज में समाजिक पदाधिकारियों के विस्तार के तहत महिला एवं युवा पदाधिकारियों के गठन के विषय पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुआ बैठक में उपस्थित समाज के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से महिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती सरस्वती सोनकर की नियुक्ति की गई वहीं उपाध्यक्ष श्रीमती राधा सोनकर, श्रीमती चंपा सोनकर सचिव श्रीमती उमा सोनकर सह सचिव श्रीमती जमुना सोनकर को बनाया गया। युवामोर्चा में अध्यक्ष के पद पर लोकेश सोनकर उपाध्यक्ष लक्की सोनकर, सूरज सोनकर सचिव मंदीप सोनकर सह सचिव राकेश सोनकर की नियुक्ति की गई। बैठक में कुम्हारी राज अध्यक्ष महेश सोनकर पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार अध्यक्ष मनहरण सोनकर, छन्नूलाल सोनकर, चंदन सोनकर, सहित बड़ी संख्या में समाजिक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

### कुम्हारी में 18 दिसंबर को संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती का आयोजन, भव्य शोभायात्रा आज

**कुम्हारी ।** नगर में 18 दिसंबर को संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनामी समाज एवं समस्त नगरवासी द्वारा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है वहीं कार्यक्रम से पहले 17 दिसंबर को बाबा जी की भव्य शोभायात्रा निकली जाएगी वहीं समारोह में चौका पूजा, बाबा के संदेशों को आत्मसात करने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री विधायक पाटन भूपेश बघेल होंगे वहीं नगर वासियों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम कारी बदरिया (युगल किशोर साहू) ग्राम-मोखा गुरुर, जिला-बालोद की प्रस्तुति वार्ड क्रमांक 6 स्थित सतनाम भवन में होगी।



# आज दुर्ग जिले के धान खरीदी केंद्रों में होगी तालाबंदी

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित किसानों ने कलेक्टर दुर्ग से मुलाकात कर सौंपा था ज्ञापन, मांग पूरा नही होने पर तालाबंदी

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** जिले में धान खरीदी की स्थिति काफी खराब है, किसान सबसे ज्यादा टोकन नही मिलने से परेशान है वहीं धान उठाव नही होने भी जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ किसान जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर किसानों की ओर से बात रखा था।

श्री ठाकुर ने किसानों का पक्ष रखते हुवे कहा था कि सबसे बड़ी परेशानी टोकन की है, मगर न तो ऑनलाइन और न ही ऑफ्लाइन टोकन मिल पा रहा है, कई किसान पखवाड़े भर से चक्कर काट रहे हैं। धान परिवहन न होने से खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति भी निर्मित होने को है। धान खरीदी को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने टोकन लिमिट तत्काल बढ़ाने तथा नियमित रूप से धान उठाव कर परिवहन की मांग किया था और चेतवानी दिया था कि अगर सोमवार 15 दिसम्बर तक धान टोकन का लिमिट बढ़ाकर नियमित रूप से धान परिवहन शुरू नही कराया गया तो कॉंग्रेस पार्टी किसानों के साथ जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में दिन बुधवार 17 दिसम्बर को तालाबंदी करेंगे । जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । सोमवार देर शाम जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में तालाबंदी करने संबंधी निर्देश कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर द्वारा जारी किया गया है। अब कांग्रेसी किसानों के साथ बुधवार को दुर्ग ग्रामीण जिले सभी धान खरीदी केंद्रों में तालाबंदी करेंगे। श्री ठाकुर ने बयान जारी कर कहा कि 17 दिसम्बर 2025 बुधवार को जिन किसान भाइयों का धान बेचने टोकन है उन्हें धान बेचने से नही रोका जाएगा। राज्य की भाजपा सरकार के नियत में ही खोंट है, कई बार किसानों की समस्या से अवगत कराने के बाद भी सरकार के कान में जूं तक नही रेंगा है। भाजपा सरकार लगातार अन्नदाता किसानों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है, इस तरह की समस्या भाजपा सरकार जान बूझ कर पैदा कर रही है ताकि किसानों का धान नही खरीदना पड़े। इसी तरह अगर धान खरीदी चलता रहा तो किसान तय समय मे अपना धान नही बेंच पाएंगे। किसानों के सामान में कांग्रेस पार्टी 17 दिसम्बर को धान खरीदी केंद्रों में तालाबंदी करेंगे।

### अवैध धान भंडारण पर सख्त कार्रवाई, तहसील रेंगाखार में 6 प्रकरणों में 293 क्विंटल धान जप्त



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में अवैध धान भंडारण एवं अवैध परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अवैध धान भंडारण, कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध नियमित जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में आज तहसील रेंगाखार अंतर्गत राजस्व विभाग, मंडी समिति एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 6 अलग-अलग प्रकरणों में कोचियों द्वारा अवैध रूप से संग्रहित कुल 293 क्विंटल धान जप्त किया गया। जप्त किए गए धान के संबंध में संबंधित व्यक्तियों द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

## शिक्षक बच्चों के भविष्य को संवारने वाले चेंज मेकर: कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर के सभाकक्ष में सभी प्राचार्य, संकुल समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए सभी शिक्षक समर्पण एवं निष्ठा से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज में जमीनी स्तर पर बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य करते है एवं चेंज मेकर हैं, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आते है। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए उन्हें सही मार्गदर्शन दें। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भवन को पुस्तकालय के रूप में विकसित करें, ताकि बच्चों में पढ़ने की प्रवृत्ति का विकास हो। मस्तिष्क की रचनात्मकता के लिए यह जरूरी है कि बच्चों को निरंतर अध्ययन के साथ ही अभ्यास भी कराएं। उन्होंने कहा कि शीतकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को गृह कार्य दें, ताकि पढ़ाई के लिए बच्चों की निरंतरता बनी रहे। उन्होंने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में 60 प्रतिशत से कम प्रतिशत वाले स्कूलों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को नशे की प्रवृत्ति तथा अपराध से दूर रहें। इसलिए उन्हें सही मार्गदर्शन दें तथा उन्हें सुरक्षित रखें। यही बच्चों देश के भविष्य है, जो आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में देश को अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता के लिए शिक्षकों से चर्चा की तथा उन्हें बच्चों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।



## 1 जनवरी 2026 से संभाग के समस्त कार्यालयों में कार्य संपादन होगा ई-ऑफिस के माध्यम से: संभागायुक्त राठौर

### संभाग आयुक्त ने ली संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने कहा कि संभाग के सभी कार्यालयों में 1 जनवरी 2026 से कार्य संपादन ई-ऑफिस के माध्यम से होगा। उन्होंने संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में अधीनस्थ कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम के संबंध में विभागवार जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने अधिकारियों को शासन की मार्गदर्शी निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में शासकीय कार्यों को अधिक प्रभावी, सरलीकृत उत्तरदायी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय, विभागाध्यक्ष और जिले स्तर पर ई-ऑफिस सिस्टम प्रारंभ की गयी है।

मंत्रालय के समस्त विभागों और राज्य के विभिन्न कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से नस्ती और डाक का संपादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 1 जनवरी 2026 से समस्त विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टर कार्यालय में संपूर्ण कार्यालयीन नस्ती और डाक का संपादन ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाएगा। विभाग प्रमुख के अनुमोदन के बिना कोई भी फिजिकल फाईल संचालित नहीं की जाएगी। ऐसे प्रकरण जिस पर शासन स्तर पर सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता हो उसे अधीनस्त कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के फाईल के माध्यम से ही शासन को प्रेषित किया जाएगा। अधिकारियों द्वारा शासकीय प्रवास के दौरान मुख्यालय से अन्यत्र भी ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादित किया जाएगा। सार्वजनिक अवकाश अवधि में शासकीय सेवक ई-ऑफिस के माध्यम से आवश्यकतानुसार कार्य संपादित कर सकते है। यथा संभव दस्तावेज को डिजीटली जनरेट किया जाए। प्रिंट देने के पश्चात् स्कैन कर फाईल अपलोड कर हतोत्साहित किया जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान रबी फसलों के लिए पर्याप्त खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जिला अस्पताल कवर्धा में बंद ऑक्सीजन संयंत्र को चालू कराने आवश्यक पहल करने सीजीएमसी के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने संभाल के जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा करते हुए योजनांतर्गत निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने कहा कि अधिकारिक फिल्ड विजिट के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी ले। साथ ही किसी प्रकार की समस्याएं होने पर संभागीय कार्यालय को अवगत कराए।

## जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दुर्ग विकासखंड के विभिन्न शालाओं का निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने आज जिले के दुर्ग विकासखण्ड के विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण किया। शासकीय उ.मा.वि. कोड़िया में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राएं परीक्षा उपरांत विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये प्रार्थना में अधिकांश छात्र-छात्राएं उपस्थित नही पाये गये 03 शिक्षक विलम्ब से शाला पहुंचने पर भविष्य में शाला समय का पालन करने के चेतावनी दिये गये। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोड़िया में कक्षानुरूप स्तरीय ज्ञान का अभाव पाये जाने पर छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ अध्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये।



शासकीय प्राथमिक शाला हनोदा के निरीक्षण दौरान सभी शिक्षक स्टाफरूम में बैठे पाये गये तथा छात्र-छात्राएं इर्द-गिर्द घुमते पाये गये। विद्यालय रोड से लगा होने के कारण छात्र-छात्राओं पर निगरानी रखने के निर्देश दिये गये तथा 31 दिसम्बर 2025 तक प्राथमिक वर्ग में कक्षा स्तरीय ज्ञान कराये जाने, विद्यालय में स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये है। प्राथमिक/माध्यमिक/सेजेस बोरसी के निरीक्षण दौरान प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राएं शाला समय पर घर जाते पाये गये तथा अध्यापक स्टाफरूम में बैठे पाये गये जिससे संस्था प्रमुख का छात्र-छात्राओं एवं स्टाफपर नियंत्रण नही पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यशैली में सुधार के साथ पदीय दायित्व का पालन के साथ विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये गये। शासकीय प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री/सरदार वल्लभ भाई पटेल शनिचरी बाजार दुर्ग के निरीक्षण दौरान कक्षानुरूप अध्यापन कार्य नही पाये जाने पर संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों को अध्यापन कार्य कराये जाने के निर्देश के साथ समस्त निरीक्षण किये गये शालाओं में आगामी 01 जनवरी से बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी भी दी।निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक/ पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने, बारहाखड़ी, पहाड़ा पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित किये जाने तथा नियत समय पर अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये। इसी प्रकार हाई/ हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्राचार्य को नियमित प्रायोगिक कार्य करने, ब्लू प्रिंट के अनुरूप 05 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराने, तिमाही परीक्षा के आधार पर चिन्हांकित विद्यार्थीयों को सिमित पाठ्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने एवं प्रायोगिक परीक्षा के बाद भी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के निर्देश भी दिये गये।

### धान विक्रय प्रक्रिया हुई सरल, अब दिन-रात कभी भी मिलेगा तूहर टोकन

**कवर्धा।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24म7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः-** जिला-**रायपुर** तहसील-अभनपुर प.ह.नं.-**00018 भेलवाडीह** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD **202526441632700002**

**//ईश्तहार//**

**तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00018** के अंतर्गत ग्राम **भेलवाडीह** के वर्तमान भूमिस्वामी **मदन पिता/पति-पिता अर्जुन पता-सा देह** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **733(0.0800)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **भगवती गजेन्द्र पिता/पति-मदन लाल सिन्हा पता-निवासी अधारी नवागांव धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), डमन लाल सिन्हा पिता/पति-मदन लाल सिन्हा पता-निवासी अधारी नवागांव धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), अन्नपुर्णा सिन्हा सिन्हा पिता/पति-मदन लाल सिन्हा पता-निवासी अधारी नवागांव धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), लीला जैन पिता/पति-मदन सिन्हा पता-निवासी अधारी नवागांव धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), जयंती बाई सिन्हा पिता/पति-मदन लाल सिन्हा पता-निवासी अधारी नवागांव धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), प्रकाश कुमार सिन्हा पिता/पति-मदन लाल सिन्हा पता-निवासी अधारी नवागांव धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), जानकी बाई सिन्हा पिता/पति-मदन लाल सिन्हा पता-निवासी अधारी नवागांव धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजीयन विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 26/12/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाश उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पास दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 04/12/2025** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**क्रमांक/236/प्र.1/ना.तहसील/2025**
**साजा, दिनांक 10/12/2025**
**जन्म प्रमाण पत्र/ब-121 सन् 2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कियाराम साहू पिता रामचरण जाति तेली निवासी ग्राम गडाभाठा प.ह.नं. 11 तहसील साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा अपनी माता स्व. बिरन साहू की मृत्यु दिनांक 16/07/2025 को ग्राम गाडाभाठा प.ह.नं. 11 तहसील साजा, जिला बेमेतरा में हो जाने के कारण पंजीयन कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के बैंक का चालान, शपथ पत्र ग्राम पंचायत के सरपंच का हस्ताक्षरित पंचनामा प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का उजर अथवा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/12/2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 10/12/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक 10/12/2025**
**पेशी दिनांक 24/12/2025**

(मुहर) **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**


**मिशन शक्ति के अंतर्गत आवेदन की तिथि बढ़ी, अब 22 दिसंबर तक करना होगा आवेदन : दुर्ग।** मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब, सखी निवास एवं शक्ति सदन में संविदा स्वीकृत रिक्त पदों की भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। मिशन शक्ति अंतर्गत सखी निवास एवं शक्ति सदन के रिक्त पदों के लिए पहले 15 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसकी तिथि भी बढ़ाकर 22 दिसंबर 2025 कर दी गई है।


**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ उद्योग भवन, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर**

फोन नं. (0771) 2583652-54, Email: dtic-directorate.cg@gov.in
(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6 दिनांक 28.04.2018)

**मेसर्स वक्रांगी मेटल एंड मिनरल्स प्रा.लि., ग्राम टण्डवा, विकासखण्ड तिल्दा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के स्वामित्व परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन की अनुमति हेतु**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -

1. मेसर्स वक्रांगी मेटल एंड मिनरल्स प्रा.लि., ग्राम टण्डवा, विकासखण्ड तिल्दा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थापित है। इकाई द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार उक्त उद्योग में पूर्व संचालकों श्री निलय सिंह एवं श्री बसंत बोहरा के साथ नवीन संचालक श्री पुनीत कुमार अग्रवाल एवं श्री प्रभराज भाटिया को शामिल करते हुए इकाई का नाम मेसर्स वांकल केबल्स एंड ट्रांसमिशन लिमिटेड किया गया है।

2 शाखा प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, रायपुर जिला रायपुर की ओर से मेसर्स वक्रांगी मेटल एंड मिनरल्स प्रा.लि., ग्राम टण्डवा, विकासखण्ड तिल्दा, जिला रायपुर वित्त पोषित है तथा बैंक द्वारा इकाई के पक्ष में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्र मांक PROJ-41011/379/2025 दिनांक.... द्वारा मेसर्स वक्रांगी मेटल एंड मिनरल्स प्रा.लि., ग्राम टण्डवा, विकासखण्ड तिल्दा, जिला रायपुर के संगठन व नाम परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।

अतः मेसर्स वक्रांगी मेटल एंड मिनरल्स प्रा.लि., ग्राम टण्डवा, विकासखण्ड तिल्दा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के उद्योग को संगठन एवं नाम परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था / बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

रायपुर, दिनांक

**संचालक**



**कार्यालय नगर पंचायत तुमगांव, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/2850/न.पं./लो.नि.वि./2025-26 तुमगांव, दिनांक 16/12/2025

**तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत तुमगांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 181868 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Tumgaon under SBM 2.0 | 195.30 | 31/12/2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल अथवा विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**जल ही जीवन, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत तुमगांव**



केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **08.01.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **श्री जितेंद्र यादव श्रीमती मंजू** फ्लैट संख्या 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-06, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई 4900207 | संपत्ति का समस्त भू भाग निर्मित संपत्ति स्थित फ्लैट संख्या 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-6, प.ह.नं. 15/21, चौहान टाउन फेस-II, जुनवानी, भिलाई, जिला दुर्ग, संपत्ति मालिक- श्री जितेंद्र यादव पुत्र श्री रामपत सिंह यादव क्षेत्रफल- 670 वर्गफुट। चर्तुसीमाएँ- पूर्व- खुला एवं ब्लॉक जी-7, पश्चिम- फ्लैट नं. जी-6, 9, उत्तर- चौहान की खुली भूमि, दक्षिण- फ्लैट नं. जी-6, 9 BAANKNET PROPERTY IDI: CNRB301040595 COORDINATES: 21.214576, 81.307879 भौतिक कब्जा | 30.08.2023 / 01.11.2023 / दि. 15/12/2025 को ₹ 32,89,058.16/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 14,80,000/- / ₹ 1,48,000/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 07/01/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 08/01/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 16-12-2025, स्थान : भोपाल प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कांकेर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर ( छ.ग. )**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

क्रमांक/3576/व.ले.लि./2025-26 कांकेर, दिनांक 10/12/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम निविदा क्र. 168673/निविदा सूचना क्र. 4/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 20.05.2025 कार्य का नाम कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा की सिकसोड़ तालाब का स्लूस संरचना एवं सायफन निर्माण कार्य हेतु प्रथम निविदा आमंत्रण में निविदा स्वीकृति सूचना क्र. LOA00563/3223 दिनांक 14.11.2025 द्वारा निविदाकार मेसर्स रामचन्द्रन, मकान नंबर-25, वार्ड क्र. 18, बैकुंठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.) को अनुबंध हेतु 15 दिवस का समय प्रदाय किया गया। निविदाकार मेसर्स रामचन्द्रन द्वारा प्रस्तुत पत्र दिनांक 15.11.2025 के द्वारा निविदा निरस्त करने हेतु लेख किया गया है।

अतः शासन के हित में अनुबंध की कंण्डिका/धारा 2.49 के तहत अमानत राशि को राजसात करते हुए निविदा निरस्त की जाती है। उक्त निविदा के प्रकाशन का जी.नं. 252601027 दिनांक 22.05.2025 है।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।**

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग कांकेर**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर ( छ.ग. )**

जी-252605455/4



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल, रायपुर ( छ.ग. )**

दिनांक : 12.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा आमंत्रण सूचना क्र. | सिस्टम आई.डी.क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22/SE/NH/G/ 15-52/2025 | 2025_MoRTH_889454_1 | work of the structural investigation of Kharun bridge at Km. 283+200 of NH 53. | Rs. 16.40 Lacs |

ऑनलाईन निविदा डानलोड करने की अंतिम तिथि 29.12.2025 समय शाम 5:30 बजे तक है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORTH&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** से डाऊनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता,**
**राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल, लो.नि.वि.,**
**रायपुर ( छ.ग. )**

जी-252605474/2

# बाबा गुरु घासीदास जयंती पूर्व सतनामी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

## अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में सतनामी समाज द्वारा रविवार 14 को धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली। 7 ध्वज वाहकों की अगुवाई में शोभायात्रा श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। उक्त शोभायात्रा शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन से प्रारंभ होकर सतनाम भवन बेमचाभांठा में समाजिक बंधुओं की उपस्थिति में समापन हुआ। समाज के संरक्षक पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, सत्यानंद जेंड्रे, बीरेंद्र ढीढी, महेंद्र कोसरिया, श्रीमती एस चंद्रसेन, सचिन गायकवाड़, नीतूरानी बांधे, मैना कोसले, गुलाब साय, श्यामलाल मन्नाडे, शंकर लाल सोनी, किशनु धृतलहरे, एवन कुर्रे, नवल किशोर गायकवाड़, हीरदास टंडन, कुमार ढीढी, किशुन पाटले, बलराम कोसरिया, पार्षद राहुल आवड़े, मेलाराम बंजारे, गेंदलाल जांगड़े, केशव कोसले, शत्रुहन चेलक, सीएल टंडन,ख क्रांति कुमार योगी, हीरा जोगी, अश्विनी टोंडरे, राजकुमार सोनवानी, बाबूलाल टंडन, डीआर जेंड्रे, अरविंद प्रहरे की अगुवाई में गुरू घासीदास बाबा जी की शोभायात्रा मुख्य मार्ग से निकली। भारी भीड़ के चलते काफी देर रास्ते में आवागमन प्रभावित रहा। रास्ते में जगह.जगह शोभायात्रा का शहर वासियों ने पूरे भक्तिभाव के साथ स्वागत किया। बरोंडा चौक, कचहरी चौक, नेहरू चौक, आंबेडकर चौक, एकता चौक होकर शोभायात्रा शाम को सतनाम भवन बेमचा भांठा पहुँची। रास्ते में आंबेडकर चौक पर समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग आदि ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सामाजिक भवन में समापन समारोह के दौरान समाज की ओर से समाज के प्रतिभावान छात्र.छात्राओंका प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। अंत में प्रसाद वितरण कर आगामी वर्षों में जयंती व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों को और अधिक गरिमामय तरीके से मनाने का संकल्प लिया गया। शोभायात्रा में शामिल दादा नकुलदेव ढीढी अखाड़ा पार्टी भोरिंग.जोबा के करीब 2 दर्जन युवाओं का शारीरिक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र बना रहा। चौक.चौराहों पर इनका प्रदर्शन देखने लोग जुटते रहे। सामने चल रहे 7 ध्वज वाहक गुरू घासीदास बाबा के ष्मनखे.मनखे एक समान का संदेश देते आगे बढ़ रहे थे। इनके पीछे समाज के पुरुष.महिलाएं, युवक.युवतियाँ और बच्चे सैकड़ों की संख्या में हाथ में ध्वज लेकर नारे लगाते चल रहे थे।




## न्यूज ब्रीफ

### लापरवाही पर प्राधिकृत अधिकारी व समिति प्रबंधक निलंबित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर तहसीलदार के नेतृत्व में विकासखण्ड स्तरीय टीम द्वारा 12 दिसम्बर को धान खरीदी केन्द्र तोषगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त धान खरीदी केंद्र में काफी अव्यवस्था पाया गया। धान की स्टेकिंग सुव्यवस्थित तरीके से नहीं होना पाया गया। धान से भरे हुए बारदानों के वजन में अंतर होना पाया गया। उक्त कारणों से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तोषगांव के प्राधिकृत विजय प्रधान को प्राधिकृत अधिकारी के पद से पृथक किया गया। साथ ही धान खरीदी प्रभारी एवं समिति प्रबंधक नकुल साहू को निलंबित करने की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में प्रभारी प्रबंधक नकुल साहू को कर्मचारी सेवा नियम 2018 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा तथा इनका मुख्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर छत्तीसगढ़ शाखा तोरेसिंहा निर्धारित किया गया है।

### वार्ड 11 में गुरु घासीदास जयंती कल

**महासमुंद।** जय सतनाम सफूरा माता समिति वार्ड नं. 11 द्वारा रविदास उद्यान के पीछे 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती मनाया जाएगा। दोपहर 2 से रात्रि 9 बजे तक जय सतनाम बालिका पंथी पोखरा का गुरू भजन कार्यक्रम होगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम छग नाथ पार्टी भी रखा गया है। संध्या साढ़े 4 बजे जैत खाम पर पालों चढ़ाया जाएगा। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, अध्यक्षता वार्ड पार्षद टोमिन टोमन सिंह कागजी होंगे। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष राजा रात्रे ने दी है।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण को लेकर समन्वय समिति की हुई बैठक

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में डीपीएम श्रीमती नीलू घृतलहरे ने जिले में संचालित तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने तथा चयनित ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि चयनित ग्राम पंचायतों के अंतर्गत विद्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से विभिन्न विभागों की भूमिका, जनजागरूकता गतिविधियों तथा तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विचार.विमर्श किया गया। सभी विभागों से अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

### सड़क दुर्घटना में भगवताचार्य नंदलाल का निधन



**महासमुंद।** ग्राम कौंदकेरा निवासी भगवताचार्य नंदलाल शर्मा का 15 दिसंबर की शाम 7 बजे सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार श्री शर्मा स्कूटी में गांव लौट रहे थे तुमगांव रोड पर बेमचा-परसदा के बीच पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल से भिड़त हो गई। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल बताए जा रहे है।

# वीर मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** ग्राम जोगीडीपा पटेवा में छग के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह जी की शहादत दिवस पर वीर मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष श्री साहू ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रेरक जीवन गाथा और बलिदान का स्मरण करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ में अंग्रेजों की बुनियाद हिलाकर रख दी थी। उनका बलिदान लोकहित व देश हित को समर्पित है। ऐसे वीर महापुरुष का जन्म हमारे छत्तीसगढ़ की पुण्य भूमि पर होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने समस्त ग्रामीणों को वीर मेला की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सौरभ लोधी, मोहित ध्रुव, श्रृष्ठी ध्रुव, गणेश ध्रुव, डेजी रानी नेताम, पवन ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, सत्यवान ध्रुव, घासू दीवान, राजेंद्र गंगवंशी आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

## बलराम को मिला मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम बोईरडीह पिथौरा निवासी बलराम कुमार जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं, उन्होंने ट्राइसाइकिल की माँग की थी, जिस पर कलेक्टर श्री लंगेह ने त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग को निर्देशित कर मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदाय किया गया। कलेक्टर के हाथों ट्राइसाइकिल मिलने से बलराम कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह ग्राम खट्टी महासमुंद निवासी राम भरोसा साहू ने भरण पोषण की राशि पुत्रों द्वारा दिलाने हेतु, ग्राम फुलवारी के ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि के अतिक्रमण सम्बन्ध में, ग्राम चारभांठा बागबाहरा निवासी रत्नाकर मेहर ने विकलांग पेंशन हेतु, महासमुंद निवासी नेहा सोनवानी ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी समस्या हेतु, ग्राम अजगरखार बसना निवासी चरण सिंह चौहान ने लोन संबंधी समस्या हेतु, ग्राम खल्लारी महासमुंद निवासी कांतिबाई यादव ने कोरोना काल में मृत्यु की मुआवजा राशि दिलाने हेतु आवेदन किया। इसके अलावा भौतिक सत्यापन, पट्टा नवीनीकरण, धान बेचने में समस्या संबंधी शिकायत, गिरदावरी, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना एग्रीस्टैक पंजीयन, पीएम आवास, लंबित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# एनआरएम के कार्यों को लेकर सरपंचों को दिया गया प्रशिक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में जिलें के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 551 ग्राम पंचायतों के सरपंच, जागरूक नागरिकों को 05 चरण में प्रत्येक जनपदों का क्रमवार एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें आज प्रथम चरण के प्रशिक्षण में महासमुंद जनपद पंचायत के 105 सरपंचों प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से जल संरक्षण, जल संवर्धन के कार्यों को रेखांकित करते हुए उसके महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किये जाने वाले जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया। ताकि भविष्य में होने वाले जल संकट की चुनौतियों से निपटा जा सके। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित हितग्राहियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा आजीविका डबरी निर्माण के संबंध में जिलें को प्राप्त लक्ष्य आजीविका डबरी से होने वाले लाभ, पात्रता एवं तकनीकी उपयोग संबंधी जानकारी दी गई तथा साथ ही हितग्राहियों को आजीविका डबरी निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति पत्र सौंपा गया तथा हितग्राहियों से चर्चा कर डबरी निर्माण कर आजीविका सवंर्धित कार्य जैसे. मत्स्य पालन, बतख पालन, सिंघाड़ा उत्पादन संबंधित कार्य किये जाने के लिए कहा गया। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जनभागीदारी से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बनाये जा रहे आवासों में वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट कार्य निर्माण कराये जाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा गया ।



# सामाजिक आंकेक्षण जांचने स्कूलों में पहुंचे जनपद सदस्य व सरपंच

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिन स्कूलों को द ग्रेड प्राप्त हुआ है ऐसे स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, बच्चों की तार्किक क्षमता बढ़ाने, स्कूलों में पुस्तकालय, शौचालय, शुद्ध पेयजल, हराभरा स्वच्छ परिवेश, गुणवत्तायुक्त मध्यान भोजन नशा मुक्त परिसर, पोषण वाटिका, खेल परिसर, खेल समाग्री, प्रायोगिक लैब, स्वास्थ परीक्षण पंजी सहित बच्चों के समुचित विकास हेतु उपयुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से काँपा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल का सामाजिक आंकेक्षण स्थानीय जनपद सदस्य सुधा योगेश्वर चन्द्राकर, काँपा सरपंच विकास चन्द्राकर एवं पंच गणों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान इस बात की विशेष हिदायत भी दी गई कि आसमाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओं से परिसर को मुक्त रखा जाये। भोजन में गुणवत्ता एवं मौसमी सब्जियों का समावेश किया जाये इस हेतु यथा सम्भव पोषण वाटिका निर्माण भी किया जावे, बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ प्रतियोगिता परीक्षा, व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी कौशल विकास, समाजिक एवं नैतिक शिक्षा के साथ खेलकूद और पर्यावरण से जोड़ने का प्रयास भी किया जाये। इस दौरान बच्चों और शिक्षकों और शाला विकास समिति अध्यक्ष के आग्रह पर परिसर में विभिन्न आयोजनों हेतु शीघ्र दो लाख के शेड निर्माण स्वीकृति देने का आश्वास प्रदान किया।



# किसानों को धान बेचने से वंचित कर रही सरकार : पंकज

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जो परेशानी वर्तमान में कथित सुशासन डबल इंजन वाली भाजपा शासनकाल में उठानी पड़ रही है, वह छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी नहीं हुआ।

टोकन की समस्या, रकबा सुधार नहीं होने से धान बेचने से वंचित होन की चिंता, सोसायटियों में धान बेचने बारी का इंतजार करने जैसी समस्याओं से किसान जूझ रहे हैं। उपर से खरीदी लिमिट भी एक बड़ी समस्या है, जो किसानों के धान विक्रय करने में रोड़ा बन रहा है। उक्त वक्तव्य व्यक्त करते हुए पूर्व पार्षद व समाजसेवी पंकज साहू ने सरकार को व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए कही। श्री साहू ने कहा कि सोसायटियों में 2500 कट्टा तक खरीदी लिमिट रखा गया है। इससे अधिक धान किसी भी सूरत में नहीं लिए जाने के सख्त आदेश हैं। पूर्व सरकार के कार्यकल में प्रतिदिन 4000 कट्टा धान खरीदी लिमिट थी। वही, टोकन के लिए सर्वर भी एक बड़ी समस्या बन गई है। टोकन तुंहर एप केवल नाम का रह गया है, बफरींग होते.होते सुबह से शाम हो जाता है लेकिन किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा। एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो पाने से भी जिले के हजारों किसान धान बेचने से वंचित होने को लेकर चिंतित हैं। उपर से टोकन नहीं कटने तथा जिनका टोकन कटा भी उन्हें 10.15 दिन आगे का डेट दिया गया है। ऐसे किसानों को अपनी उपज को सुरक्षित रखने की भी चिंता सता रही है। कई सोसायटी कर्मचारी किसानों से यह भी कहते हैं कि जितना धान खरीदने के आदेश हैं, उससे कम लेना होता है। एक भी दाना उससे अधिक नहीं खरीदना है। पूर्व पार्षद पंकज साहू ने कहा कि अपने आप को किसान हितैषी पार्टी कहने वाली भाजपा सरकार किसानों से धान खरीदी करने से बचने के लिए तरह.तरह के हथकंडे अपना रही है।

# अब तक 313764 मीट्रिक टन धान की खरीदी, 230 प्रकरणों में 29,800 क्विंटल धान जब्त

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** राज्य सरकार के मंशानुरूप महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक कुल 3,13,764 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा खरीदी व्यवस्था से संतुष्ट हैं। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन कटाकर किसान उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय करने उत्साहपूर्वक पहुंच रहें हैं। अब तक जिले के 54 हजार किसानों के खाते में 16 बैंक शाखाओं के माध्यम से 743 करोड़ 75 लाख 55 हजार रुपए हस्तांतरित कर दिया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। जिसमें 39 प्रकरणां में से 35 का समाधान तत्काल कर लिया गया है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तुलाई, उचित व्यवस्था तथा किसानों को सुचारू सेवा सुनिश्चित की जा रही है। निगरानी दलों को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया भी जारी है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने हेतु अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 230 प्रकरण दर्ज किए गए। कुल प्रकरणों में संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 29,800 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिसमें महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रणी स्थान पर है।

जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकी, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण एवं सख्ती से निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि धान उपार्जन अवधि में किसी भी प्रकार का अवैध भंडारण, परिवहन या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# गौ सेवक संघ के सभी सेवक करेंगे प्रांत स्तरीय आंदोलन

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** गौ वंश रक्षक, सेवक जेल के अंदर, और गौ तस्करों को समाजजन, जनप्रतिनिधि द्वारा वोट बैंक के लिए बताया गया गौ वंश व्यापारी जबकि छत्तीसगढ़ के राजपत्र में स्पष्ट है कि गौ वंश का परिवहन दिन में करना है रात्रि काल में नहीं, बिना कलेक्टर की अनुमति के, पशु चिकित्सक के फिटनेस प्रमाण पत्र, पशुपालन अधिकारी के प्रतिवेदन और तहसीलदार एवं थाना प्रभारी के संज्ञान के गौ वंश का परिवहन नहीं करना है। एक व्यक्ति एक समय में 5 से अधिक गौ वंश को नहीं ले जा सकता वो भी प्रत्येक 2 घंटे में 4 किलो मीटर और 4 घंटे में विश्राम दिया जाना है, परिवहन बंद गाड़ी में नहीं करना है, और वाहन के बाहर फ्लेक्स लगाकर पूरी जानकारी लिखना है। हर दो घंटे में चारा पानी की व्यवस्था करना है।

हम ये पूछना चाहते है समाज जन के सम्मानित लोगों से इनमें से किस नियम का पालन उनके गौ वंश के व्यापारी कर रहे थे। बिना किसी प्रमाण के गौ सेवकों पर ये आरोप लगाना कि उनके द्वारा तस्करों पर पेशाब किया गया ये सरासर गलत बात है। गौ सेवकों में को सेवक निस्वार्थ गौशाला चला रहे, गौ माता की सेवा कर रहे उन्हें आज अपराधी बना दिया गया, और जो लोग गौ वध, गौ तस्करी कर रहे उन्हें व्यापारी, ऐसा कौन सा लाभ समाज प्रमुखों को गौ तस्करों को समर्थन देने पर विवश कर रहा, अगर मामला समाज का है तो गौ तस्कर और गौ सेवक दोनों एक ही समाज के हैं, तो आखिर ये सामाजिक मामला कैसे हो सकता है। ये बहुत बड़ा प्रश्न है। यदि गौ सेवकों के साथ अन्याय हुआ तो छत्तीसगढ़ प्रांत के समस्त गौ सेवक प्रांत स्तरीय बड़ा आंदोलन करेंगे और सभी गौ सेवक हजारों की संख्या में गिरफ्तारी देने गुरूर थाना जाएंगे, ये धमकी नहीं राष्ट्रहित में चेतावनी है।सरकार एवं समाज से पूछता है कि गौ वंश को कटवाना ,क्या धर्म है और प्रदेश में हिंदुत्व की सरकार हैद्वगौ वंश रक्षक बालोद जिला गुरूर ब्लाक के अंतर्गत भरदा गांव में बीते सफ्ताह गौ तस्करों की गाड़ी जो लगातार रात रात में गौ तस्करी कर रहे थे उनको गौ वंश रक्षकों द्वारा अपने प्राण की रक्षा करते हुए बाल बाल बचते बचाते रोकी गई जिसमें गौ तस्करों द्वारा पहले गौ वंश रक्षकों को गाली गलौज और उनके ऊपर प्राण घातक हमला किया गया ,जान से मारने का धमकी दिया गया फिर गौ वंश रक्षकों ने अपने आपको बीच बचाव किया जिसमे दोनों पक्षों में झुमा झटका हुआ ,गौ सेवकों ने पुलिस को सूचना भी किया ,गाड़ी को थाना भी लेकर गया , चोटिल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार कराने अस्पताल भी लेकर गया फिर भी उनको जेल अंदर डाल दिया गया सोचो व्यापारी को , इंसान को थोड़ी चोट लग जाए तो तो समाज तिलमिला उठा है जबकि दोनों हिंदू समाज के है उस गौ वंश बेजुबान के बारे में सोचो जिस मां ,बच्चे के सामने उनके पूरा उनके परिवार को टुकड़े टुकड़े इंसान अपने चंद स्वार्थ के लिए कर रहे है क्या उनको दर्द नहीं होता होगा । थोड़ा भी लाज शर्म नहीं आता इन लोगों को जो अपने आपको समाज प्रमुख और जनप्रतिनिधि हिन्दू मानते है जो धर्म विरुद्ध कार्य करे वह अधर्मी है और उनको साथ देने वाला भी उस पास का भागी होता है उसको कर्म का फल भोगना पड़ता है, समाज प्रमुखों ने घटना की सही जानकारी न तो प्राप्त की है,और न ही गौ तस्करों की पूर्व की काले कारनामों की जानकारी ली है बल्कि गौ तस्करों को गौ व्यापारी बता रहे है ,कितना बड़ा अपराध है,उनको तो ये भी पता नहीं है कि गौ व्यापारी कितने से कितने समय तक गौ वंश को ले जा सकते है।



# फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर छापेमारी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का धमतरी पुलिस ने किया पर्दाफाश

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** प्रार्थी दिलीप राठौर पिता स्व. बाबूलाल राठौर, उम्र 67 वर्ष, निवासी रत्नाबांधा धमतरी द्वारा दिनांक 12.12.2025 को थाना सिटी कोतवाली में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 17.11.2025 को लगभग 11.30 बजे 06-07 व्यक्ति स्वयं को इनकम टैक्स विभाग का अधिकारी बताकर बिना किसी पहचान पत्र एवं बिना वैध तलाशी वारंट के प्रार्थी के घर जबरन घुस आए। आरोपियों ने लगभग 02 से 02.30 घंटे तक घर के सभी कमरों, दराजों, आलमारियों एवं लॉकर की तलाशी ली तथा प्रार्थी को घर से बाहर निकलने नहीं दिया।

तलाशी में कुछ न मिलने पर आरोपी दो कारों में बैठकर फरार हो गए। जिसकी रिपोर्ट पर धाना सिटी कोतवाली द्वारा तत्काल अप.क्र. 327/25 धारा 204, 319(2), 331(3), 61(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए एसपी धमतरी श्री सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। सायबर सेल के सहयोग से तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर टीमों को नागपुर (महाराष्ट्र), दुर्ग रायपुर एवं बालोद, दल्लीराजहरा (छत्तीसगढ़) की ओर आरोपियों की तलाश हेतु रवाना किया गया। निरंतर प्रयास एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सभी आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर धमतरी लाया गया। आरोपियों से गहन पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें प्रार्थी के घर में 200 करोड़ रुपये रखें होने की सूचना प्राप्त हुई थी।



## न्यूज ब्रीफ

### भाटापारा में चलाया जांच अभियान, साक्षी डेयरी से पनीर का लिया सैंपल



**भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच एवं निरीक्षण किया गया। अभिहित अधिकारी ने उक्त सबंध में बताया कि शहर के फर्म मेसर्स साक्षी डेयरी, मुंशी स्माइल वार्ड व मेसर्स राधे डेयरी, पटपर रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साक्षी डेयरी में अस्वास्थ्यकर दशाओं में पनीर, दही व अन्य दुग्ध उत्पादों का भंडारण पाया गया। खाद्य पदार्थ को ढकने की पर्याप्त व्यवस्था नही थी तथा पनीर को अनहाईजिन स्थिति में बनाया जा रहा था जिस हेतु फर्म के प्रोप्राइटर को सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया। खाद्य नमूना पनीर का नमूना संकलन कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर ज़ेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### गुरु घासीदास जयंती में 22 को शामिल होंगे शिवरतन



**भाटापारा।** ग्राम तरपोंगा में आगामी 22 दिसंबर सोमवार को गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव प्रसाद घृतलहरे करेंगे वही कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति शशि आनंद बंजारे , अनिल पांडे , आनंद यादव ,चन्द्रमणि तिवारी , रेखारिखी राम , हेमसिंह चौहान , तथा नारायण साहू कौशलपुर एवं सतीईश्वर साहू सरपंच उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से शोभा यात्रा निकाली जायेगी व शाम 6 बजे अतिथि स्वागत व पंथी नृत्य का कार्यक्रम होगा उसके पश्चात ग्राम खरोरा के मनोज आडिल द्वारा मन के अंगना लोक कला मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जायेगा । कार्यक्रम में छड़ीदार ,नेतराम मारकण्डेय एवं भंडारी, चन्द्रशेखर लहरे भी उपस्थित रहेंगे।

### नपाध्यक्ष ने स्कूल का किया निरीक्षण

**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अंतर्गत इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं रामसागर वार्ड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया, आधारभूत सुविधाएँ तथा विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का गहन अवलोकन किया । उक्त अवसर पर कक्षाओं की नियमितता, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर के प्रत्येक शासकीय विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है और जहाँ भी सुधार की आवश्यकता होगी, उसे शीघ्र पूरा किया जाएगा। इस निरीक्षण के दौरान मनीष मिश्रा पार्षद नंदकिशोर वैष्णव सतीश साहू श्रेणिक गोलछा एवं विद्यालय के शिक्षकीय स्टॉफ व प्राचार्य उपस्थित थे।

### महाबल जिलाध्यक्ष व जयसवाल प्रदेश मंत्री बने



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय की सहमति से भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला अध्यक्ष के रूप में नगर के सक्रिय भाजपा नेता महाबल दास को भाजपा अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है वही प्रदेश मंत्री के रूप में पूर्व पार्षद ,पूर्व विधायक प्रतिनिधि आशीष जयसवाल की नियुक्ति की गई है । जिला व प्रदेश पदाधिकारी के रूप में महाबल दास बघेल व आशीष जयसवाल की नियुक्ति पर भाटापारा विधासभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष प्रकट करते हुए महाबल दास बघेल व आशीष जयसवाल को बधाई दी है । भाजपा नेता सुनिल यदु ,हेमसिंग चौहान , अनिल पांडे , चंन्द्रमणि तिवारी , आनंद यादव , मनीष मिश्रा , सुरज ज़ेई ,मनेन्दर सिंग गुंबर , पवन वर्मा , डब्ल्यू सिंग ठाकुर , आशीष टोडर , शेखर राजपुत , राजा कामनानी , सतीश तलरेजा ,गोविंद पटेल , उमाशंकर वर्मा , संजय चौहान , किर्तन जयसवाल ,श्रेणिक गोल्छा, नंदकिशोर वैष्णव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उपरोक्त दोनो को बधाई दी है। अपनी नियुक्ति पर महाबल दास बघेल एवं आशीष जयसवाल ने वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा तथा किरण सिंह देव एवं पवन साय के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

### ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत अधिकारियों को दिलाया संकल्प

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिलाधिकारियों की समय-सीमा की बैठक लेकर उनके कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित किए गए योजनाओं का लाभ शत् प्रतिशत गाँव के अंतिम छोर तक पहूँचे। इसके लिए सभी अधिकारी सतत् रूप से मॉनिटरिंग करें।ताकि धरातल पर उसका क्रियान्यावयन पात्र हितग्राहियों को मिल सकें। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-अवधि तय की गई है, उसे जवाबदेहिता के साथ पूर्ण करें।कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सभी विभागीय कार्यालयों को निर्देशित किया है कि ई-ऑफिस के माध्यम से फाईले भेजी जाएं। जिससे पारदर्शिता एवं समय की बचत होगी। कोई भी विभाग किसी भी प्रकार के आवेदनों को ऑफलाईन नहीं भेजेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों को इसके बारे में अवगत कराये।कलेक्टर ने विभाग के कार्यों के प्रगति के समीक्षा के दौरान पाया कि कुछ विभागों द्वारा राज्य में बेहतर प्रगति नहीं होने पर नराजगी जाहिर की।साथ ही समय-सीमा के बैठक में बिना कारण बताए अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी विभागीय कार्यों के प्रति जिम्मेदारी एवं रूचि लेकर कार्य करें। जिससे जिले की स्थिति में और सुधार आए साथ ही उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को पोर्टल पर अपडेट करें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अधिकारियों के कार्यों के परफॉर्मेंस के आधार पर ही उनका सीआर लिखा जाएगा।

जिले में धान खरीदी केंद्र के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी स्वयं खरीदी केंद्रों पर पहुँचकर भौतिक सत्यापन करें।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों के प्रगति लाने के लिए जनपद एवं नगरीय क्षेत्रों के अधिकारी अपने-अपने प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत जाकर हितग्राहियों को आवास शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने पीवीटीजी के हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रबी सीजन में किसानों को धान के बदले अन्य फसले लेने के लिए प्रेरित करने विभागीय अधिकारियों को कहा।कलेक्टर ने समय-सीमा के बैठक के उपरांत अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि ब्यूरों ऑफ एनर्जी भारत सरकार एवं क्रेडा के तत्वाधान में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 14 से 20 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। संकल्प में कहा गया कि मैं यह शपथ लेता हु, कि मैं अपने घर और कार्यस्थल पर ऊर्जा का सदुपयोग करूँगा और किसी भी तरह की बर्बादी से बचूँगा।मै आवश्यकता न होने पर लाईट, पंखे और अन्य बिजली के उपकरण बंद रखूँगा।प्राकृतिक रोशनी का अधिकतम उपयोग करूँगा और दिन के समय अनावश्यक लाइटें नही जलाऊँगा।

# सियान सेवा सदन में लोकगीत



### नृत्य के साथ मना छग स्थापना का 25वां वर्ष

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** प्रेरक स्वयंसेवी संस्था के प्रमुख राम गुलाल सिन्हा तथा समाज कल्याण विभाग गरियाबंद के उप संचालक डी.पी.ठाकुर के मार्गदर्शन में सियान सेवा सदन,ग्राम भिलाई (वृद्धाश्रम) में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष को रजत जयंती महोत्सव 2025 के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सियान जनों के पीला चावल एवं गुलाल से पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात सियान जनों द्वारा लोकगीत,भजन, छत्तीसगढ़ का पारंपरिक सुवा गीत तथा राउत नाचा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंग में रंग गया।इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग गरियाबंद के पिला राम वर्मा द्वारा जरूरतमंद सियान जनों को 21 नग छड़ियों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग गरियाबंद के आदित्य लांबे,गुरु शरण साहू सहित सियान सेवा सदन के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।रजत जयंती महोत्सव को सियान सेवा सदन में उत्साह, उमंग और गरिमा के साथ मनाया गया, जिससे सियान जनों के चेहरों पर खुशी और आत्मीयता झलकती रही।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव हुआ, युवाओं ने कला-संस्कृति में दिखाई प्रतिभा

### विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव बिलासपुर में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव,2025 का आयोजन सिविल लाईन सांस्कृतिक भवन परिसर,गरियाबंद में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में जिलेभर के प्रतिभाशाली युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन,सुरेन्द्र सोनटेके, रिंकू ठाकुर,ब्लॉक नोडल संजीव साहू,ब्लॉक नोडल यशवंत बघेल,गिरीश शर्मा,प्रभारी शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह,अनुशासन और समर्पण के लिए बधाई देता हूँ। विजेता प्रतिभागियों को विशेष रूप से शुभकामनाएं,जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही, जो प्रतिभागी आज विजेता नहीं बन सके, उनसे कहना चाहूंगा कि असफलता से निराश न हों, यही अनुभव भविष्य की सफलता की सीढ़ी बनता है। युवा महोत्सव में जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने लोक नृत्य,लोक गीत,पंथी नृत्य,राउत नाचा,सुआ नृत्य,करमा नृत्य, कहानी लेखन,चित्रकला,कविता लेखन, वाद विवाद,नवाचार,एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा तथा रॉक बैंड जैसी विविध विधाओं में अपनी कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

युवा महोत्सव के समापन में सभी विधाओं के विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागी,दल जिला बिलासपुर में आयोजित 23 से 25 दिसम्बर के मध्य आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।कार्यक्रम के सफल आयोजन से युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ तथा जिले की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को नई पहचान मिली।

# गुरु पर्व में तिल्दा विखं बनेगा एक पर्व एकता का पर्याय

### 18 को एक साथ मनेगी जनपद क्षेत्र के सभी गांवों में जयंती

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** स्वेत धर्म ध्वजा हाथों में थामे तिल्दा विकासखंड क्षेत्र के सतनाम धर्म समिति संरक्षक और समाजसेवी वेदराम मनहरे लगातार मानव एकता के लिए सर्व समाज को संकल्पित कर रहे हैं, गुरु पर्व के प्रथम दिवस से लगातार मानव समाज तक गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को पहुंचाने का लक्ष्य लेकर गृह नगर खरोरा से गुरु जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम तक पदयात्रा कर चुके वेदराम ने समाज प्रमुखों और सतनाम धर्मावलंबियों के सहयोग से इस वर्ष भी लगातार दूसरी बार एक तिथि एक पर्व के तर्ज पर 18 दिसंबर को पूरे तिल्दा जनपद के ग्राम पंचायतों में एक दिन एक साथ गुरु पर्व मनाने संकल्पित हैं।

वेदराम मनहरे ने बताया की बीते वर्ष भी तिल्दा जनपद के लगभग सभी ग्राम पंचायत में एक ही दिन सभी समाजजन मिलकर जयंती समारोह उत्साह और भाई चारा के साथ मनाएं थे उस परंपरा को निरंतरता देने समाज प्रमुखों और धर्म साधकों संग परिचर्चा हुई और यह तय किया गया की एक दिन एक समाज एक पर्व की महत्ता स्थापित करते हुए इसे आगे बढ़ाया जाए।

इस निर्णय के पीछे सर्व समाज में समरसता और एकजुटता ही मुख्य ध्येय है यह बताते हुए वेदराम कहते हैं की अलग अलग तिथि में जब जनपद क्षेत्र के गांव इसे अपने अपने तरीके से मनाते हैं तब जयंती समारोह गुरु पर्व कम और राजनीतिक आयोजन ज्यादा जान पड़ता है और सद्भाव का मंच राजनीतिक अखाड़े में बदल जाता है, यह परंपरा लगातार चला आ रहा है जिसके चलते गुरु घासीदास बाबा की जयंती का असल मकसद गुम हो जाता है, बहुत से धर्म प्रेमी जयंती आयोजनों से इस लिए भी दुखी और दूरी बनाते हैं क्योंकि उन्हें पता होता है की गुरु के संदेशों का महापर्व राजनीतिक छीटाकसी का मंच बन जाता है, इन्ही सब बातों से सीखते हुए अब जयंती समारोह एक दिन एक साथ सर्व समाज मनाए तो इसका उद्देश्य और भी व्यापक और देशव्यापी होगा।

वेदराम बताते हैं के उनके मन में यह विचार लंबे समय से द्वंद करते रहा है की क्यों न गुरु घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसंबर को ही पूरा समाज अपने अपने ग्राम, नगर क्षेत्रों में एक साथ मनाए, यह विचार उन्होंने गतवर्ष क्षेत्र के समाज जनों के बीच रखी, सभी ने इस पर एकमत से सहमति जताई और इस तरह यह शुरुआत हुई, पहले तो कुछ गांवों ने इस निर्णय पर आपत्तियां भी आई लेकिन जब जयंती की महत्ता और गुरु के संदेशों को व्यापक करने जैसा भाव सभी समाज प्रमुखों से मिला तब यह संभव हुआ और इन वर्ष भी 18 दिसंबर को पूरे तिल्दा जनपद क्षेत्र में एक साथ जयंती मानने हम सभी संकल्पित हैं। सतनामी समाज के ग्राम प्रमुखों और समाज के युवा कहते हैं की जनपद अध्यक्ष और उनकी सामाजिक कार्यकारणी टीम लगातार समाज के युवाओं को एकजुट करने में मेहनत कर रहे हैं जिसका प्रतिफल है की आज समाज एक मंच पर है और एक साथ पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र के गांवों में गुरु जयंती महापर्व 18 दिसंबर को मनाई जायेगी।

# ग्रामवासियों के फैसले को प्रार्थी ने किया इनकार

समवेत शिखर संवाददाता



**छुरा।** नगर के नगर पंचायत के निकट गत दिनों 100 वर्ष पूर्व प्राचीन सुनाई रुपई देवी स्थल को मानसिंह निषाद ने बेखौफ होकर क्षतिग्रस्त कर दिया था।

उक्त विषय को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना छुरा ने उक्त स्थल को संज्ञान में देते हुए ग्राम समिति को पुनःबयान हेतु सूचना भेजा गया ग्राम समिति के सदस्यों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फिर से ग्राम वासियों की बैठक माता दिवाला में आहुत किया गया इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं तहसीलदार के साथ नगर निरीक्षक माता देवालय में पहुंचे वहां पहुंचकर ग्राम वासियों के समक्ष आपसी सामंजस्य का हवाला देते हुए ग्राम वासियों को पुलिस थाना छुरा में दोनों पक्षों को बैठक आपसी सामंजस करने विभाग की अधिकारियों ने दिशा निर्देश दिया और वही प्रार्थी मानसिंह को ग्राम वासियों के कुछ शर्तो को मानने के लिए प्रयास भी किया गया मगर उन्होंने शर्तो को मानने से इनकार कर दिया जिससे ग्राम वासियों ने रूष्ट होकर बैठक का बहिष्कार कर बिना कुछ नतीजे पर पहुंचे पुलिस थाने से सभी ग्राम के सदस्य अक्रोशित होते हुए पुलिस थाना से बाहर चले गए क्योंकि बैठक में समिति के अध्यक्षओंकार शाहअपने दलील प्रस्तुत करते हुए यथा स्थिति से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए अपनी व्यथाको प्रस्तुत करते हुए समिति के परंपरागत नियम को मानने उक्त प्रार्थी को जानकारी में दिया गया मगर प्रार्थी ने उपरोक्त शर्तो को खंडन करते हुए मानने से इनकार कर दिया यहां पर बताना होगा कि पुलिस थाने के विभागीय अधिकारियों ने दोनों पक्षों में किसी प्रकार का तनाव न हो इस बात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अमले ने काफी समझाने का प्रयास भी किया मगर परिणाम जरूर रहा।

# जुपिटर पब्लिक स्कूल में फन फेयर व सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और फन फेयर का आनंद लिया

समवेत शिखर संवाददाता





**फिंगेश्वर।** जुपिटर पब्लिक स्कूल के द्वारा हाई स्कूल मैदान परिसर में मंगलवार को वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का धूम रहा जिसमे स्कूल के बच्चों के साथ साथ बच्चों के परिजनों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

फन फेयर व सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर एक भव्य मेले का आयोजन किया गया, इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। हाई स्कूल मैदान परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, झूलों और आकर्षक स्टॉलों से सजाया गया था। बच्चों ने स्टालों का आनंद लेने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मेले का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ व इस अवसर पर नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी , उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास , जगदीश यदु पूर्व अध्यक्ष, मनीष हरित, राजू साहू, मुकेश साहू के साथ अन्य भाजपा के नेतागण शामिल रहे, इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और फिल्मी गीत शामिल थीं। अभिभावकों ने भी बच्चों के उत्साह की सराहना की, बच्चों के परिजनों में माताओ की उपस्थिति ज्यादा रही, मेले में फूड स्टॉल, खिलौने, किताबें और पेंटिंग कॉर्नर जैसे कई स्टॉल लगाए गए थे, विभिन्न डांस प्रतियोगिताओं ने बच्चों को खूब आकर्षित किया।

जुपिटर पुब्लिक स्कूल के संचालक जितेन्द्र साहू ने बताया कि फन फेयर सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्षिकोत्सव में बच्चों की मासूमियत, ऊर्जा और प्रतिभा को समर्पित है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को सीखने के साथ-साथ मनोरंजन का अवसर प्रदान करना है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। मेले के समापन पर सभी बच्चों को उपहार प्रदान किये गए, दिनभर चले इस कार्यक्रम में बच्चों को भरपूर आनंद लिया उसके साथ स्कूल के शिक्षक व अभिभावक बहुत ही उत्साहित थे।

# किसी भी चीज पर ममत्व नहीं रखना, ममत्व नहीं रहने पर कोई भी चीज आसानी से छूट जाती है

समवेत शिखर न्यूज

**अहमदाबाद।** उत्तराध्ययन सूत्र के सम्यक्त्व पराक्रम अध्ययन में आज का सवाल है मुक्ति से जीव को क्या प्राप्त होता है? कहते है मुक्ति शब्द का संस्कृत में दो अर्थ बताए है। सर्व कर्म से मुक्त हो जाना यानि मुक्ति तथा दूसरा अर्थ यह भी होता है कि किसी भी प्रकार से लोभ नहीं करना। दुनिया का हरेक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार से धंधा करके अरबों, करोडों, लाखों रुपए इकट्ठा करता है। सम्पूर्ण पैसों का तो वह भोग नहीं करता और जब वह इस दुनिया को छोड़कर चला जाता है, तब वह अपने साथ भी कुछ नहीं ले जाता है. सिकंदर ने पूरी जिंदगी संपत्ति इकट्ठा करने में ही बिताई। इस दुनिया को छोड़ने से पहले उसने फरमान किया कि जब मेरी अर्थी निकले तब मेरे हाथ को बांध मत देना बल्कि मेरे हाथों को खुल्ला रखना ताकि लोगों को मालूम पड़े कि मैंने इतना कुछ इकट्ठा करने के बावजूद खाली हाथ ही इस दुनिया से विदाई ले रहा हूं।

प्रखर प्रवचनकार-संत मनीषि गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ. देव राजयश सूरिश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते हैं कि किसी भी चीज पर ममत्व नहीं रखना।



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

ममत्व नहीं रहने पर कोई भी चीज आसानी से छूट जाती है फलामी चीज को छोड़ते वक्त दुःख नहीं लगता है। आपके पास धन हो रत्न हो या हीरा ये सभी परलोक साथ नहीं आएगा। जैन साधु इस लोभ से दूर रहने के लिए धन का कभी स्पर्श नहीं करते है। पूर्व के काल में धातु को भी धन कहा जाता था साधु जब भी अपनी विशिष्ट क्रिया करते है उस क्रिया दौरान धातु का स्पर्श नहीं करते है। एक सुंदर दृष्टांत समझाते है।

गुरू ने कुछ ऐसी साधना की जिससे, उन्हें सिद्धि प्राप्त हुई। वह सिद्धि भी ऐसी कि जब भी कोई इच्छा करते गुरू धन की वर्षा करते थे। एक बार गुरू एवं शिष्य कहीं बाहर निकले। मार्ग में उन्हें चोर मिले। चोरों की टोली ने धमकाकर गुरू से कहां, आपके पास जो कुछ भी हो उसे सीधी तरह से निकालकर दे दो। गुरू ने कहां, मेरे पास तो पैसे नहीं है। कहते है, सिद्धि, मिलाने के बाद उसे पचाना बहुत मुश्किल है। चोरों को दिखाने हेतु गुरू ने अपनी सिद्धि से धन की वर्षा करके चोरों को दिखाया। शिष्यों ने गुरू को ईशारे से खूब रोकने की कोशिश की लकिन कुतूहल से उन्होंने धन की वर्षा करके दिखाया।

शास्त्रकार महर्षि फरमाते है जिनमें कुतूहल है उन्हें कभी सिद्धि नहीं मिलती है। मानलो सिद्धि प्राप्त भी हो गई तो वह ज्यादा दिन नहीं टिकती है। सिद्धि टिककर भी रहे तो उस व्यक्ति का पतन होकर ही रहता है उसका कभी उत्थान नहीं होता है। चोरों ने जबरदस्ती करके गुरू के पास से सिद्ध किया हुआ मंत्र लेकर चले गए। इस ओर चोर कुछ ही दूरी पर गए कि उन्हें अन्य चोर मिले। उन चोरों ने अपनी ताकात दिखाकर उस सिद्ध मंत्र को चोर लिया और वे फिर से उस गुरू के पास गए।

चोरों ने गुरू को कहां, धन की वृष्टि करो तब गुरू ने जवाब दिया. भाईयां! जीवन में एक ही बार सिद्धि प्राप्त की जा सकती है अब मुझ से नहीं होगा। अशक्य बात को सुनते ही चोरों को गुस्सा आया। शिष्यों वहां से भागकर चले गए। चोरों ने धन की वर्षा न करने से गुरू का गला कांट दिया। धन के ढेर पड़े रहे, चोरों का आपस में झघड़ने से कितनों की मृत्यु हो गई। शास्त्रकार महर्षि फरमाते है अर्थ (धन) ही अनर्थों का मूल है। जितनी आवश्यकता है उतना ही धन रखकर जिन्हें जरूर है उन लोगों को देने में हिचकिचाना नहीं। मुक्ति याने निर्लोभिता-अकिंचनता। साधु अपरिग्रही है इसीलिए हमेशा वे शांति का जीवन जीते है और वे आनंद में रहते है। पूज्यश्री फरमाते है कोई भी व्यक्ति जब जन्म लेता है तब उसके शरीर पर वस्त्र नहीं होते है एवं मृत्यु के वक्त भी कुछ साथ नहीं ले जाएगा यहां तक कि अरबोंपतिकी मृत्यु हुई। स्वजन संबंधी उस मृत शरीर के पास आकर उसके हाथ में रही हुई सोने की अंगूठी भी निकाल देते है। और उसे धोकर शुद्ध कर लेते है।

पूज्यश्री फरमाते है इन पैसों को अनर्थ भयंकर है। साधु यदि सावधानी न रखे तो अग्यारह वे गुणस्थानक (उपशम श्रेणी) पर चढ़ा हुआ लोभ से नीचे गिर सकता। उसका पतन शक्य है। किसी ने पूछा साहेब! साधु ने पास हीरा नहीं, रत्न नहीं फिर भी उन्हें लोभ किस पर होता है। लोब विचित्र है। एक छोटे से कपड़े पर भी यदि साधु ममत्व रखा मेरी मुहपत्ति बिगड़ जाएगी इसलिए मैं किसी को नहीं दूंगा ऐसा ममत्व जो करता है वह साधु उपशम श्रेणी पर चढ़ा हुआ अग्यारहवें गुणस्थानक से पहले गुणस्थानक पर आ सकता है।

परमात्मा को प्रार्थना करना है, कभी लेने देन की हेरा फेरी करनी पड़े तो लोभी नहीं बनूंगा। बैंक के मैंनेजर के पास करोड़ों रूपिये ते है करोड़ों कोई ले भी जाते है तब वे अपने मन में एक ही विचार करते है जो पैसे जमा हुए वे मेरे नहीं है, जो पैसा सामने वाला व्यक्ति उठकर ले जा रहा है वे भी मेरे नहीं है। इस तरह से व्यक्ति जब राग द्वेष के बिगैर तथा निर्लोभी बनता है तब वह आत्मा महान बनकर आत्मा पर परमात्मा बनता है।

### धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने पर मानसिंह के खिलाफ अपराध दर्ज

**छुरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न विभिन्न समुदाय वर्ग के लोग निवास करते हैं हुए अपने-अपने परंपराओं के अनुसार धर्म को आस्था से मानते आ रहे हैं गरियाबंद जिले के अंतर्गत छुरा विकास खंड में सामाजिक मान्यताओं के आधार पर इस दस्तूर को यहां के शीतला मंदिर के समिति पद अधिकारी सदस्य भी निभाते आ रहे हैं यहां नगर छुरा में शीतला मंदिर समिति द्वारा नगर के पवित्र स्थलों पर देवी देवताओं का विद्यमान रि तिरिवाज मानते आ रहे हैं यहां नगरछुरा में शीतला मंदिर समिति द्वारा नगर के पवित्र स्थलों पर देवी देवताओं का विराजमान किए हैं जो अपने आप में बहुत ही बड़ा महत्व माना गया है जैसे की गादी माई चितावर मौली माता चंडी माता के अलावा सोनहीं रु पईभी एक ऐतिहासिक धरोहर की तरह स्थापित है जिनकी पूजा अर्चना ग्राम वासी बड़ी श्रद्धा भक्ति से करते आ रहे हैं गत दिनों नगर छुरा में नगर पंचायत के निकट धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाते हुए तथा कथित मानसिंह निषाद ने रात्रि को देवी स्थल को क्षति पहुंचाते हुए वृक्ष का बेधड़क कटाई कर कार्यों को अंजाम दिया जिसकी जानकारी ग्राम वीसियो में आज की तरह फैल गई।

## न्यूज ब्रीफ

### छग के 9 लोग नेशनल अवार्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली/रायपुर।** सुरेश ठाकुर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन छत्तीसगढ़ कलाकार पर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने बताया कि विगत दिनो दिल्ली में भारतीय दलित साहित्य अकादमी का 41 वां वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन भारत के प्रसाशनिक विभाग के उपाध्यक्ष श्री डॉ शरद चोपकर, महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ निधि चोपकर, छग कलाकार संग के प्रदेश अध्यक्ष श्री गुरुदास, सरल सरिता भजन समिति छ ग उपाध्यक्ष प्रमोद ठाकुर, ललित ठाकुर सलाहकार, नागेंद्र तिवारी योग गुरू जी श्रीमति रश्मि पटेल, योग गुरू श्रीमति ममता वर्मा, सरल सरिता भजन ग्रुप एल्बम गायिका सुश्री कोनिका ठाकुर को दिल्ली में छ ग के 9 लोग नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था ने कलाकारों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शिवरतन ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन



**भाटापारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने शहर के सदर वार्ड स्थित दीदी गारमेंट्स दुकान के बाजु से गुरूद्वारा पहुंच मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए सीसी रोड निर्माण की मांग को पूर्ण करते हुए गत दिनों उक्त मार्ग निर्माण के लिए भूमि पूजन किया इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हटरी बाजार , सदर बाजार क्षेत्र के लिए पुराने सब्जी बाजार एवं गुरूद्वारा की ओर आने जाने वालो को इस सड़क निर्माण से सहुलियत मिलेगा व लोग आसानी से बाजार की ओर आ जा सकेंगे उक्त अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि शहर के अंदर आवागमन को सुविधापूर्ण बनाने के लिए अधिकांश सड़क व गलियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे जन सामान्य को सुविधा हासिल होगी उक्त अवसर पर मोहम्मद सलीम खान , नदीम किंग खान , जयप्रकाश उपाध्याय , जमील खान , सुरेश मंधान , बब्बु मंधान , श्रेणिक गोलछा , भूवन सिंग ठाकुर सहित बड़ी तादाद में अन्य नेता , कार्यकर्ता व आम नागरिक उपस्थित थे।

### मादा तेंदुए को लाठी-डंडों से वार कर डाला, 7 गिरफ्तार

**खैरागढ़।** खैरागढ़-डोंगरगढ़ के वन ग्राम बनबोड़ क्षेत्र में मिले मादा तेंदुए के शव मामले में वन विभाग ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि तेंदुए को करंट लगाकर और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मारा गया और उसके पंजे और दांत काट लिए गए थे। जांच के अनुसार, आरोपियों ने किसी और जानवर के लिए जंगल में बिजली के तार से जाल बिछाया था। लेकिन उसी जाल में मादा तेंदुआ फंस गई और करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपियों ने घायल तेंदुए को मरने के लिए छोड़ने के बजाय, आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों से लगातार वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद, उन्होंने तेंदुए के चारों पंजे और चार दांत काट लिए और शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए।

### विस सत्र के दिन भोपाल में धारा 163 लागू

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के सत्र को लेकर राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बुधवार 17 दिसंबर को आहूत विधानसभा सत्र के दौरान लोकशांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त भोपाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 17 दिसंबर को सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक अथवा सत्रावसान तक (जो पहले हो) प्रभावी रहेगा। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार विधानसभा भवन के आसपास और चिन्हित मार्गों पर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के जुलूस, धरना-प्रदर्शन, रैली, आम सभा, पुतला दहन या आंदोलन की अनुमति नहीं होगी।

# बीजापुर में 34 माओवादी कैडरों ने किया आत्मसमर्पण

## 'पूना मारगेम' से शांति की ओर मजबूती से बढ़ते कदम

समवेत शिखर संवाददाता




**बीजापुर।** बस्तर अंचल में शांति, विश्वास और विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बीजापुर जिले में 84 लाख के इनामी 34 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागते हुए भारतीय संविधान में आस्था जताई है और समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है।

÷**पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन**÷ अभियान के तहत यह पुनर्वास प्रक्रिया की गई, जिसमें दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के 34 कैडर, तेलंगाना स्टेट कमेटी और एओबी डिवीजन के माओवादी शामिल हैं। बीजापुर जिले में 1 जनवरी 2024 से अब तक कुल 824 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं, जबकि 1079 माओवादी गिरफ्तार और 220 माओवादी विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

### प्रमुख कैडरों की सूची और पदनाम

इन 34 कैडरों में 7 महिलाएं और 27 पुरुष शामिल हैं। इनमें डीव्हीसीएम केरलापाल एरिया कमेटी, पीएलजीए कंपनी सदस्य, आरपीसी मिलिशिया कमांडर, प्लाटून सदस्य और विभिन्न एरिया कमेटी के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष शामिल हैं। इन सभी ने हिंसक और माओवादी विचारधारा को त्यागकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में शामिल होने का संकल्प लिया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, केरिपु छग सेक्टर, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज और अन्य पुलिस अधिकारी एवं सुरक्षा बलों के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया संपन्न हुई।

### राज्य शासन की नक्सल उन्मूलन नीति का प्रभाव

छत्तीसगढ़ सरकार की व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति, शांति, संवाद और विकास पर आधारित प्रयासों के परिणामस्वरूप दक्षिण बस्तर में स्थायी शांति स्थापित हो रही है। स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा और केरिपु बलों के सतत, सामूहिक और समन्वित प्रयासों से हिंसा की संस्कृति को धीरे-धीरे संवाद और विश्वास की संस्कृति में बदला जा रहा है।

### मुख्यधारा में लौटने वालों का संकल्प

मुख्यधारा में लौटने वाले कैडरों ने भारतीय संविधान में आस्था व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन जीने का संकल्प लिया। राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत प्रत्येक कैडर को 50,000 रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की जाएगी। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा, ÷छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति माओवादी कैडरों के लिए आकर्षक है। पुनर्वास करने वाले अपने परिजनों के साथ सामान्य जीवन जी सकते हैं और समाज की मुख्यधारा में कदम से कदम मिला सकते हैं। यह नीति उनके भविष्य को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वावलंबी बनाने की दिशा में हर संभव सहायता दे रही है।

### सुरक्षा बलों का योगदान

इस आत्मसमर्पण प्रक्रिया में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202, 204, 210 और केरिपु 85, 199, 170, 168 वी समेत जिले में तैनात केरिपु बलों ने अपनी सक्रियता, विश्वास निर्माण और संवेदनशील व्यवहार से माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया।

### संवाद, संवेदनशीलता और विकास, हिंसा से कहीं अधिक प्रभावी समाधानः सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति के अनुरूप छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में चल रहे सतत और ठोस प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की 'पूना मारगेम' नीति ने यह सिद्ध कर दिया है कि संवाद, संवेदनशीलता और विकास, हिंसा से कहीं अधिक प्रभावी समाधान हैं। यह आत्मसमर्पण केवल हथियार छोड़ने की घटना नहीं है, बल्कि भय और भ्रम से मुक्त होकर सम्मानजनक जीवन की ओर लौटने का निर्णय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार आत्मसमर्पण करने वाले सभी व्यक्तियों के पुनर्वास, सुरक्षा, आजीविका, कौशल विकास और सामाजिक पुनर्समावेशन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि वे समाज में आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री ने आज भी भटके हुए युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे हिंसा का मार्ग त्यागें, लोकतंत्र और विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें तथा प्रदेश और देश के निर्माण में सहभागी बनें।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को शांति, विश्वास और उज्ज्वल भविष्य का प्रदेश बनाना राज्य सरकार का अटल संकल्प है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास जारी रहेंगे।

# जौंदा-आरंग रोड पर सुरक्षा रेलिंग उखाड़ी गई

## पेट्रोल पंप निर्माण में नियम ताक पर जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

समवेत शिखर संवाददाता



**नवापारा राजिम।** जौंदा गांव के आरंग नवापारा मुख्य मार्ग पर सड़क सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की रेलिंग को नए पेट्रोल पंप के निर्माण के दौरान उखाड़ दिया गया। यह पूरा घटनाक्रम दिनदहाड़े और जिम्मेदारो की नज़रों के सामने होता रहा, लेकिन न तो निर्माण कार्य रोका गया और न ही किसी तरह की कार्रवाई की गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर रेलिंग हटाई गई है, वहां पहले से ही मोड़ और सड़क किनारा जोखिम भरा है। अब रेलिंग हटने और सड़क पर रेत-मुरुम के ढेर लगे होने से दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ गई है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या पेट्रोल पंप संचालक ने एसडीएम कार्यालय, पीडब्ल्यूडी या नेशनल हाईवे प्राधिकरण से इसकी अनुमति ली है? और यदि अनुमति नहीं ली गई, तो अब तक प्रशासन मौन क्यों है? ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क जैसी सार्वजनिक संपत्ति से छेड़छाड़ करना नियमों का खुला उल्लंघन है, फिर भी संबंधित अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत की ओर इशारा कर रही है।बिना अनुमति सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ तो कार्रवाई कब होगी, या फिर हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा?

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्ति

## निरंजन रायपुर, रजनीश बिलासपुर, प्रीतपाल दुर्ग व सचिन राजनांदगांव सहकारी बैंक अध्यक्ष नियुक्त

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** कार्यालय आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं द्वारा दुर्ग, अंबिकापुर, बिलासपुर, राजनांदगांव और जगदलपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति छानबीन समिति की बैठक में की गई अनुशंसाओं के आधार पर की गई है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, अम्बिकापुर में अध्यक्ष पद के लिए रामकिशुन सिंह को और उपाध्यक्ष पद के लिए जगदीश साहू को नामांकित किए जाने की अनुशंसा की गई है। इसी तरह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग में प्रीतपाल बेलचंदन को अध्यक्ष एवं नरेश यदु को उपाध्यक्ष नामांकित किए जाने की अनुशंसा की गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर में दिनेश कश्यप को अध्यक्ष एवं श्रीनिवास मिश्रा को उपाध्यक्ष नामांकित किए जाने की अनुशंसा की गई है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर में रजनीश सिंह को अध्यक्ष एवं रजनी साहू को उपाध्यक्ष नामांकित किए जाने की अनुशंसा की गई है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, राजनांदगांव में सचिन सिंह बघेल को अध्यक्ष एवं श्री भरत वर्मा को उपाध्यक्ष नामांकित किए जाने की अनुशंसा की गई है।

# जरूरतमंद को सिंधी कौंसिल ने कम्बल बांटे




समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** सिंधी कौंसिल ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा निःशुल्क कम्बल वितरण आज तीसरे दिन वी यूनिक कृष्णा ट्रेडिंग अपोजिट नारायणा हॉस्पिटल टिम्बर मार्केट रोड देवेन्द्र नगर रायपुर रितेश विनय वाधवा की ऑफिस के सामने किया गया।

सिंधी कौंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंग महामंत्री सुनील कुकरेजा उपाध्यक्ष रितेश वाधवा ने बताया कि निःशुल्क कंबल वितरण स्व कांतादेवी जसवानी स्व राजेंद्र रमनानी स्व हरिराम सितारा की स्मृति में वितरण किया जा रहा है संस्था का उदेश्य ठंड में कोई भी जरूरत मंद बिना कम्बल ना रहे बुजुर्ग और असहाय लोगो को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण किया जा रहा है।

इस अवसर पर सिंधी कौंसिल अध्यक्ष ललित जैसिंग संजय रहेजा राजेश रेलवानी पार्षद कृतिका जैन सुनील कुकरेजा कमलेश शर्मा अशोक बाघ धनेश मटलानी रितेश वाधवा अनिल रामानी विनय वाधवा अनुराग उपाध्याय आशीष अग्रवाल चुंतेश गदपायले उपस्थित थे।

# शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता



**कुरूद।** कुरुद ब्लाक सतनाम समाज द्वारा संत गुरु घासीदास बाबा का संदेश लेकर माता चंडी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। जिनका पुराना बाजार में कुरुद ब्लाक कांग्रेस द्वारा श्रद्धालुओं पर फूलों का वर्षा कर ,संत घासीदास बाबा व स्मारक का पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा जी का संदेश जन-जन तक पहुंचाना चाहिए मनखे मनखे एक संदेश देने वाले गुरु घासीदास बाबा ने देश दूनिया को भाईचारा, समानता, जागरुकता,सत्य, अहिंसा, नशामुक्ति का संदेश दिया।संत गुरु घासीदास बाबा का आदर्श, विचार, सभी धर्म, सभी वर्ग,समूदाय के सदैव प्रशांगिक रहेगा।

इस अवसर पर प्रमुख तौर से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रहलाद चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्रर साहू, प्रमोद साहू,नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, पार्षद मनीष साहू,राखी चन्द्राकर, उर्वशी चन्द्राकर,मंजू साहू, उत्तम साहू, अर्जुन धुव, पूर्व पार्षद राघवेन्द्र सोनी, पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री लव चन्द्राकर, ब्लाक मिडिया प्रभारी तुकेश साहू,संतोष प्रजापति लेखराम साहू, पंकज जोशी, तुलसी राम साहू, दिवाकर चन्द्राकर, मानक साहू सहित अनेक कांग्रेसी गण उपस्थित थे।

# अभनपुर, राजिम रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट एवं आरक्षित टिकट की सुविधा

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में चल रही तीन रायपुर- अभनपुर -राजिम ट्रेनों से आमजन को न्यूनतम किराए से यात्रा का फायदा

- » छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर - नया रायपुर होते हुए अभनपुर राजिम ट्रेन सेवा यात्रियों के लिए किफायती
- » राजिम-अभनपुर से डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा निरंतर उपलब्ध

समवेत शिखर संवाददाता




**राजिम/अभनपुर।** अभनपुर से रायपुर का सफर तेज़, सस्ता और सुविधाजनक रायपुर से अभनपुर का किराया मात्र 10, रायपुर से राजिम का किराया मात्र 15, राजिम से डोंगरगढ़ का किराया मात्र 35 किया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल की गेज परिवर्तन की मुख्य परियोजना के तहत रायपुर से अभनपुर -राजिम के बीच नेरो गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन होकर वर्तमान में रायपुर अभनपुर राजिम के बीच तीन ब्रॉड गेज ट्रेनों की सुविधा यात्रियों को फायदा पहुंचा रही है जहां एक और सड़क यातायात से यात्रियों को अधिक किराया देना होता है वहीं इन ट्रेनों से यात्रा करने से यात्रियों को न्यूनतम किराए से अपने गंतव्य तक पहुंचने का फायदा मिल रहा है। नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटीः अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है । यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत के साथ -साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बना रही है। राजिम- अभनपुर से रायपुर का सफ़र तेज़, सस्ता और सुविधाजनक रायपुर से अभनपुर का किराया मात्र रु.10, रायपुर से राजिम का किराया मात्र रु.15, राजिम से डोंगरगढ़ का किराया मात्र रु. 35 है।

रायपुर और अभनपुर स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आवश्यक यात्री सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे यात्री लाभान्वित हो रहे हैं इसी कड़ी में दोनों स्टेशनों पर ट्रेनों के शुभारंभ के समय से अनारक्षित टिकट की सुविधा मुहैया कराई गई है। विगत समय से दोनों स्टेशनों पर आरक्षित टिकट लेने की सुविधा भी उपलब्ध है यात्री अपनी सुविधा अनुसार इन स्टेशनों से देश में कहीं भी आने -जाने के लिए आरक्षित टिकट की सुविधा का लाभ ले रहे हैं इन स्टेशनों से तत्काल टिकट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अभनपुर स्टेशन पर आरक्षित टिकटों के लिए 11:30 से 17:30 का समय निर्धारित किया गया है। राजिम स्टेशन पर आरक्षित टिकटों के लिए 9:00 से 16:00 बजे का समय उपलब्ध कराया गया है।

राजिम / अभनपुर से डोंगरगढ़ के लिए निरंतर ट्रेन की सुविधा उपलब्ध है गाड़ी संख्या 68767 राजिम से 6:45 बजे रवाना होकर 7:13 बजे अभनपुर होते हुए रायपुर स्टेशन पर 8:20 बजे पहुंचती है रायपुर स्टेशन से यही गाड़ी, गाड़ी संख्या 68705 बनकर डोंगरगढ़ रायपुर मेमू रायपुर से 8:30 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़ 10:50 बजे पहुंचती है। जिससे यात्रियों को मां बमलेश्वरी माता के दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है।

# बिहार से रायपुर जा रही रॉयल बस खड़े ट्रेलर से टकराई, 12 यात्री घायल, 5 की हालत गंभीर

समवेत शिखर संवाददाता



**अंबिकापुर।**बिहार से अंबिकापुर जा रही है रॉयल बस आज तड़के दुर्घटनाग्रस्त हो गई किसी दुर्घटना में 12 यात्री घायल हुए हैं।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में आज तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रतनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर यात्रियों से भरी एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में 12 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

यह हादसा रतनपुर थाना क्षेत्र के दर्री पारा के पास नेशनल हाईवे पर आज सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, 'रॉयल ट्रेवल्स' की यह बस बिहार से यात्रियों को लेकर राजधानी रायपुर जा रही थी। बस जब दर्री पारा के पास पहुंची, तभी वह सड़क किनारे पहले से खड़े एक ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

इस भीषण दुर्घटना में बस में सवार कुल 12 यात्री घायल हो गए। इनमें से 5 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। सुबह का समय होने के कारण अधिकांश यात्री नींद में थे, जिससे संभलने का मौका नहीं मिला और कई लोग सीटों से टकराकर चोटिल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को तुरंत रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया।

स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, 5 यात्रियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स (CIMS) अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादकः शंकर चंद्राकर*
( * पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2023-25 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 04 परिवारों को दी गई 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 04 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील बास्तानार के ग्राम मुतनपाल निवासी पाण्डे कश्यप की मृत्यु आग में जलने से पुत्र श्री बीजा को और कमलू मंडावी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री कोड़ी मंडावी को, तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम गढ़िया निवासी जूना पोयामी की मृत्यु पानी में डूबने से बहन बुटको मंडावी को और तहसील करपावण्ड ग्राम मैलबेड़ा निवासी विनोद की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि जलबती को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा 18 दिसम्बर 2025 को 'गुरू घासीदास जयंती' के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। उन्होंने 18 दिसम्बर को 'गुरू घासीदास जयंती' के अवसर पर जिले के देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें देशी मदिरा सीएस 2 (घघ), विदेशी मदिरा एफएल 1 (घघ), एफ.एल.3 होटल बार, एफ.एल.7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार को 17 दिसम्बर को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 18 दिसम्बर गुरुवार को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध शराब के विक्रय पर समुचित नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

### बस्तर कलेक्टर ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक, 21 दिसंबर को होगी परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत केमिस्ट के रिक्त पदों के लिए आयोजित की जा रही लिखित भर्ती परीक्षा रविवार 21 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के निर्बाध और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस्तर कलेक्टर श्री हरिस एस ने आदेश जारी करते हुए परीक्षा केंद्रों के लिए पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर) की नियुक्ति कर दी है। यह परीक्षा निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 01.15 बजे तक चलेगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक परीक्षा के सफल प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री ग्राम योजना जगदलपुर के उप अभियंता श्री आशीष दुबे को शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कॉलेज धरमपुरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री अभिलाष शुक्ला को झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। परीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा दिवस के एक दिन पूर्व ही अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण अवश्य कर लें और व्यापमं द्वारा आब्जर्वर के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

# 21 से 23 दिसंबर को चलाया जाएगा जिले में पल्स पोलियो अभियान, व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा कलेक्टर ने

समवेत शिखर संवाददाता




**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नये खोले जाने वाले प्रस्तावित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संबंध में कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को व्यापक और अधिक लाभकारी एवं सुविधाजनक बनाने हेतु नवीन पीडीएस दुकान खोले जाएगें। इसके अंतर्गत खाद्य विभाग पीडीएस दुकान आवश्यकता वाले ग्राम पंचायतों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिष्चित करें। इस संबंध मेंषासन के निर्देषनुरूप पीडीएस दुकान प्रारंभ करने के मानक अनुसार ग्राम पंचायतों की सूची का निर्धारण करें। शिक्षा विभाग से संबंधित मूल स्थान से अन्यत्र शिफ्टिंग हुए शालाओं को पुनः मूल स्थान से ही संचालन बाबत विषय पर कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा एवं आदिवासी विकास शाखा द्वारा इस संबंध में तुरंत आवश्यक कार्यवाही करें। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने बताया कि ई ऑफिस प्रणाली के संबंध में राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन के डिजिटलीकरण किए जाने के दिशा में अब जिले के सभी कार्यालयों में फ़ाइलों दस्तावेजों और पत्राचार नोटशीट का प्रबंधन डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा। और इस प्रकार आगामी माह जनवरी से कार्यालयों में ऑनलाइन पत्राचार, नोटशीट फाइलें आदान प्रदान की प्रक्रिया पर प्रतिबंध, लागू हो जाएगा। ई ऑफिस प्रणाली तहत कार्यालयीन कार्यों में फाइलों की ट्रैक रिपोर्टिंग जैसी सभी गतिविधियां ऑनलाइन ही होगीं। इसके लिए संबंधित विभाग सभी आवश्यक तैयारियां, स्कैनर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। आगामी 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अंतर्गत सुशासन दिवस के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद पंचायतों में सुशासन शिविर का आयोजन कर आमजनों के आवेदनों एवं समस्याओं का निदान किया जाएगा इसके लिए सभी विभाग सुशासन शिविर में अपने स्टॉल लगाकर लोगों के आवेदनों प्रकरणों को संकलित कर प्रभावी निराकरण करेगें जिसका जिला स्तर पर मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इस क्रम में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत जिन-जिन अनुविभाग में शेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य अभी भी लंबित चल रहे है। वे अंतिम तिथि के पूर्व हर हाल में पूर्ण कर लेवे। क्योंकि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही के लिए संबंधित बीएलओ एवं ईआरओ की जवाबदेही तय होगी। इसके अलावा मतदाताओं के स्थायी स्थानांतरण संबंधी मामलों में पुनः सत्यापन एवं पंचनामा जैसी कार्यवाहियां अवश्य होनी चाहिए। ताकि किसी प्रकार की गलती की गुंजाइश न रहे। इसके साथ ही कलेक्टर ने महिला बाल विकास से संबंधित अन्य आंगनबाड़ियों को सक्षम आंगनबाड़ी में परिवर्तित करने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए तय मापदंडों अनुसार आंगनबाड़ियों में सभी मूलभूत सुविधाओं सुनिश्चित कराये। इसके साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 से 23 दिसंबर तक चलाये जाने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि 21 दिसंबर को सभी आंगनबाड़ी केंद्र खुले रहेंगे ताकि पोलियो ड्राप के सेवन से कोई भी बच्चा न छुटने पाए। इसके साथ ही पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में सभी जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों को इस अभियान में सहभागिता हेतु आमंत्रित करें। इसके अलावा बैठक में विगत दिवस जगदलपुर में हुये बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय आयोजन में दंतेवाड़ा जिले के दूसरे स्थान पर रहने पर कलेक्टर द्वारा खिलाड़ियों को बधाई दी गई।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ ब्रिजेश वेको का पक्का घर का सपना

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जिले के विकासखंड जनपद पंचायत गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत जावंगा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने एक गरीब परिवार के जीवन को नई दिशा दी है। ब्लॉक मुख्यालय से मात्र 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत जावंगा के निवासी ब्रिजेश वेकोध्बुधराम वेको वर्षों से कृषि एवं मजदूरी के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। सीमित आय और कठिन परिस्थितियों के चलते पक्का मकान बनवाना उनके लिए एक दूर का सपना था। ब्रिजेश वेको का पुराना घर पूरी तरह कच्चा था। कच्ची दीवारें और छप्पर की छत बरसात के मौसम में परिवार की सबसे बड़ी परेशानी बन जाती थीं। बारिश होते ही छत से पानी टपकने लगता था, जिससे घर के भीतर रहना मुश्किल हो जाता था। कई बार रातें जागकर गुजारनी पड़ती थीं और बच्चों व परिवार के सदस्यों को असुरक्षित हालातों में रहना पड़ता था। ऐसे हालातों में जीवन यापन करना किसी संघर्ष से कम नहीं था।

वर्ष 2024-25 में जब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची में ब्रिजेश वेको का नाम शामिल हुआ, तो उनके परिवार के लिए यह किसी सौगात से कम नहीं था। योजना के अंतर्गत उन्हें आवास निर्माण हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही, मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। इस आर्थिक सहयोग ने उनके वर्षों पुराने सपने को हकीकत में बदल दिया। आवास निर्माण पूर्ण होने के पश्चात 4 मार्च 2025 को ब्रिजेश वेको को पक्का, मजबूत और सुरक्षित घर मिला। अब बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने की चिंता नहीं रही। पक्का आवास मिलने से परिवार का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और भविष्य को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं।

## पहुंचविहिन गांव लंका में विद्युतीकरण कर ग्राम वासियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर ममगाई

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न विकास तथा निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में अवागमन को सुगम बनाने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना सहित सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ममगाई ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें, ताकि खरीदी कार्य सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित हो सकें। जिले के पहुंचविहिन गांव लंका में विद्युतीकरण कर ग्राम वासियों को लाभान्वित करने के निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्दों में शौचालय बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सड़क निर्माण कार्य, घरेलू हिंसा, नवगठित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कार्यशील बनाये जाने हेतु समयबद्ध कार्य योजना के क्रियान्वयन, नवगठित पैक्स के पैक्स कम्प्यूटराईजेशन हेतु डीएलआईएमसी द्वारा प्रस्ताव पारित, भूमि विवाद, बेजा कब्जा, कृषि भूमि पर अवैध कब्जा, आर्थिक मुआवजा, अभिलेखों का विनिष्टीकरण, बालक आश्रम गारपा में सोलर लाईट सिस्टम, पेंशन, जी.पी.एफ., ग्रेजुएटी एवं एरियस का समाधान करने, राजस्व सर्वेक्षण की प्रगति, नक्सल पीड़ित परिवार हेतु अनुकंपा, सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति, राशन कार्ड, समग्र शिक्षा के तहत् स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत सड़क, बोर खनन, सोलर प्लेट, बिजली के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, जिले का नाम हुआ रोशन

समवेत शिखर संवाददाता




**दंतेवाड़ा।** बस्तर ओलंपिक के भव्य समापन समारोह में दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर जिले को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और खेल भावना का उत्सव मनाया गया। समापन समारोह केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्रीगणों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान अतिथियों ने बस्तर अंचल के युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है।

बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा जिले ने कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, हॉकी एवं रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में सीनियर छात्रा वर्ग में रजत पदक एवं सीनियर छात्र वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल में सीनियर छात्रा टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया, जबकि सीनियर छात्र टीम ने रजत तथा जूनियर छात्र टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। खो-खो में जूनियर छात्र टीम को रजत एवं सीनियर छात्र टीम को कांस्य पदक मिला। हॉकी में जूनियर छात्रा टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं रस्साकसी में सीनियर छात्रा टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर जिले के पदक खाते में इजाफा किया। समापन समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि दंतेवाड़ा के खिलाड़ी आने वाले समय में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अन्य खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

## स्मृति मंधाना का जलवा बरकरार, आईसीसी ओडीआई रैंकिंग में फिर शीर्ष पर



**नई दिल्ली।** मंगलवार को भारतीय स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्ट को पीछे छोड़ते हुए विश्व की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन गईं। दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड की स्टार खिलाड़ियों ने आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में अपनी स्थिति मजबूत की। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार, ईस्ट लंदन में खेले गए पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की। सुने लुस और मियाने स्मित ने अर्धशतक लगाकर टीम को 210 रनों के लक्ष्य को 37 ओवरों के भीतर ही हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। सुने लुस के इस प्रदर्शन के चलते वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर वह संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर पहुंच गईं। वहीं, मंधाना ने वोल्वाड्ट को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान ने मैच में केवल 31 रन बनाए थे। इस सप्ताह मंधाना की 811 अंकों की रेटिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि आयरलैंड पर दक्षिण अफ्रीका की जीत के बाद वोल्वाअर्ड्ट की रेटिंग 814 से गिरकर 806 हो गई। लुस ने वनडे ऑलराउंडरों की सूची में 10 स्थान ऊपर चढ़कर 33वां स्थान हासिल किया। आयरलैंड की ओर्ला प्रेन्डरगास्ट (एक स्थान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर) और लौरा डेलानी (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर) मेहमान टीम के लिए सबसे ज्यादा लाभ पाने वाली खिलाड़ी रहीं।

## आईपीएल ऑक्शन : प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ में बिके




**मुंबई (ए)।** 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा एक समान 14.20-14.20 करोड़ में बिके हैं। दोनों को सीएसके ने 30 लाख की बेस प्राइस से 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। प्रशांत उत्तर प्रदेश के हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के हैं। इनके अलावा, जम्मू एंड कश्मीर के आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा।

तेज गेंदबाजों के सेट में कोलकाता ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (18 करोड़) को अपने साथ जोड़ा न्यूजीलैंड के जैकब डफी को आरसीबी और एनरिक नॉर्त्या को एलएसजी ने 2-2 करोड़ में खरीदा। स्पिनर्स रवि बिश्नोई को आरआर ने 7.20 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने महज 7 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में चयक्र ने 23.75 करोड़ में खरीदा था। कोलकाता ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25.2 करोड़ में खरीदा है, ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। 7.2 करोड़ रुपए बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा करा दिए जाएंगे। बीसीसीआइ ने पिछले साल ही विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की अपर लिमिट तय कर दी थी। ताकि विदेशी खिलाड़ी ज्यादा डिमांड का अनुचित फायदा न उठा पाएं।

### जहां से भी घुसोगे, सामने हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे, बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज, फैंस हुए खुश



**मुंबई।** विजय दिवस पर, बॉर्डर 2 के मेकर्स ने फिल्म का बहुप्रतीक्षित टीज़र रिलीज़ किया, जिसने तुरंत दर्शकों के दिलों को छू लिया। यह तारीख 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत की याद दिलाती है और इस मौके पर टीज़र रिलीज़ करने से फिल्म को एक गहरा मतलब मिलता है। 16 दिसंबर, विजय दिवस पर, बॉर्डर 2 के मेकर्स ने फिल्म का बहुप्रतीक्षित टीज़र रिलीज़ किया, जिसने तुरंत दर्शकों के दिलों को छू लिया। यह तारीख 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत की याद दिलाती है और इस मौके पर टीज़र रिलीज़ करने से फिल्म को एक गहरा मतलब मिलता है, जिससे बॉर्डर 2 भारतीय सैनिकों की हिम्मत, हौसले और बलिदान को श्रद्धांजलि बन जाती है। फैंस खुशी से झूम उठे जब सनी देओल अपनी मशहूर युद्ध की ललकार के साथ वापस आए, यह पल पहले ही टीज़र का सबसे खास हाईलाइट बन गया है। एक खास सीन में सनी देओल अपने सैनिकों से इतनी ज़ोर से चिल्लाने के लिए कहते हैं कि उनकी आवाज़ सरहद पार लाहौर तक सुनाई दे, जिससे देखने वालों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं और ओरिजिनल बॉर्डर की यादें ताज़ा हो जाती हैं। डायरेक्टर अनुराग सिंह और एक्टर वरुण धवन, जो आने वाले इस सीक्वल में भी काम कर रहे हैं, ने बताया कि यह असरदार पल लेह में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई एक असली घटना से प्रेरित था।

## वी ने पेश किया भारत का पहला रीचार्ज-लिंक्ड हैण्डसेट थेफ्ट एंड लॉस इंश्योरेन्स प्लान




**मुंबई (ए)।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज टेलीकॉम उद्योग के पहले हैण्डसेट थेफ्ट एंड लॉस इंश्योरेन्स प्लान्स के लॉन्च की घोषणा की है, ये प्लान आईओएस एवं एंड्रोइड- दोनों तरह की डिवाइसेज़ इस्तेमाल करने वाले प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं। यह अनूठी पेशकश चुनिंदा प्रीपेड रीचार्ज पैक्स के साथ उपलब्ध है, जो उपभोक्ताओं की स्मार्टफोन खो जाने की चिंता को हल करेगी, जिसे पारम्परिक डैमेज-ओनली इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अक्सर कवर नहीं किया जाता।

मई 2025 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार तकरीबन 85.5 फीसदी परिवारों के पास कम से कम एक स्मार्टफोन होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल हैण्डसेट इंश्योरेन्स मार्केट 14 फीसदी सालाना की दर से बढ़कर 2.6 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि मध्यम-रेंज के फोन को बदलने करने की लागत रु 20,000-रु 25,000 के बीच पड़ती है।

## एचडीएफसी बैंक ने देश भर में 4000 से ज़्यादा 'साइबर फ्रॉड जागरूकता वर्कशॉप' आयोजित की



**मुंबई (ए)।** भारत के प्रमुख प्राइवेट सेक्टर के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान के तहत पूरे भारत में साइबर फ्रॉड जागरूकता वर्कशॉप की एक श्रृंखला आयोजित की। बैंक ने अप्रैल 2025 से इस श्रृंखला के तहत 4,000 से ज़्यादा वर्कशॉप आयोजित कीं, जिनमें 27,000 से ज़्यादा नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

इन वर्कशॉप का मकसद स्कूल और कॉलेज के छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, सेल्फ-हेल्प ग्रुप, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सेशन के ज़रिए, प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तरीकों के बारे में ज़रूरी जानकारी मिली ताकि वे साइबर फ्रॉड का शिकार न हों। वर्कशॉप में असल ज़िंदगी के उदाहरण, कहानियाँ और वीडियो शामिल थे, जिनसे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग तरीकों और ऐसे फ्रॉड से सुरक्षित रहने के टिप्स समझने में मदद मिली। इनमें से कई सेशन लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों (एलईएज ) के सहयोग से आयोजित किए गए थे। इस पर कमेंट करते हुए श्री मनीष अग्रवाल, सीनियर एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट (क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल) एचडीएफसी बैंक ने कहा, धोखाधड़ी करने वाले ग्राहकों को गुमराह करने और उनका फ़ायदा उठाने के लिए टेक्नोलॉजी के साथ सोशल इंजीनियरिंग के तरीकों का ज़्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए, नागरिकों के बीच उनके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करना ज़रूरी है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा शेयर न करें या बिना वेरिफ़ाई किए लिंक पर क्लिक न करें। इन वर्कशॉप का मकसद पार्टिसिपेंट्स को सुरक्षित बैंकिंग तरीकों के बारे में शिक्षित करना है, जिनका उन्हें पालन करना चाहिए ताकि वे इस तरह के ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार न हों। कोई भी कार्रवाई करने से पहले हमेशा 'रुकें', 'सोचें' और 'वेरिफ़ाई करें'। बैंक ग्राहकों को डिजिटल लेन-देन करते समय सावधान रहने और सुरक्षित बैंकिंग आदतों को अपनाने और अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी किसी के साथ भी शेयर न करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अगर ग्राहक ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं, तो उन्हें तुरंत बैंक को अनधिकृत लेन-देन की रिपोर्ट करनी चाहिए।

## स्टेरिस हेल्थकेयर ने मध्य भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ में किया विस्तार

STERIS

**रायपुर।** मुंबई स्थित दवा क्षेत्र की लीडिंग कंपनी स्टेरिस हेल्थकेयर ने छत्तीसगढ़ में अपने ऑपरेशंस का व्यापक विस्तार करने की घोषणा की है। इसके तहत प्रमुख स्थानों पर वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा।

महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु में सफल विस्तार और 100 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक बिक्री के बाद, कंपनी अब मध्य भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस विस्तार का उद्देश्य रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जैसे शहरी केंद्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्टेरिस हेल्थकेयर की उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती दवाओं को अधिक सुलभ बनाना है। स्टेरिस हेल्थकेयर के डायरेक्टर और सीईओ जीवन कसारा ने कहा, ÷भारत के विकसित होते स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं। यहां अपने ऑपरेशंस का विस्तार करके, हमारा लक्ष्य स्टेरिस हेल्थकेयर के भरोसेमंद प्रोडक्ट्स को राज्य भर के अस्पतालों, क्लीनिकों और फार्मेसियों के करीब लाना है। यह निवेश न केवल हमारी क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है।

# सभी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के आधार बेस्ड ई-अटेंडेंस अनिवार्य, 1 जनवरी से पूर्व पंजीयन पूरा करना जरूरी

समवेत शिखर संवाददाता



**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विलास भोसकर ने सभी जिला कार्यालयों में कामकाज की पारदर्शिता और गतिशीलता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण और सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर विलास भोसकर ने सभी विभाग प्रमुखों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 1 जनवरी से सभी जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली प्राथमिकता से शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब भविष्य में सभी फाइलें और लेटर ई-ऑफिस के माध्यम से ही संचालित किए जाएं, जो शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध बनाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने घोषणा की कि 1 जनवरी से सभी कार्यालयों में शत-प्रतिशत आधार बेस्ड उपस्थिति (ई-अटेंडेंस) लागू की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इस समय-सीमा से पूर्व अनिवार्य रूप से आधार-आधारित पंजीयन पूरा करना होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा, और यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी शासकीय कार्य से दौरे पर जाता है, तो इसकी लिखित जानकारी विभाग प्रमुख को देनी होगी।

बैठक में धान खरीदी की प्रगति की समीक्षा करते हुए विलास भोसकर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीमों को लगातार फील्ड पर जांच करने और कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर सतत निगरानी रखें और सूचना तंत्र को मजबूत करें।

विलास भोसकर ने निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के सत्यापन की अंतिम तिथि (18 दिसंबर) तक शत-प्रतिशत सत्यापन प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करें और विभाग से सम्बंधित योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से आमजनों को मिले। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने एवं शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत और पीजी पोर्टल से प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, लंबित राजस्व प्रकरणों जैसे सीमांकन, डायवर्सन, अविवादित/विवादित नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन और भू-अर्जन आदि की समीक्षा करते हुए प्रकरणों को समय-सीमा में गंभीरता के साथ निराकरण किए जाने निर्देशित किया गया।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम कमिश्नर डी एन कश्यप और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 25 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## लिपिक घूस लेते पकड़ाया मकान मुआवजा दिलाने के लिए मांगी थी घूस

समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) सरगुजा ने मंगलवार को सूरजपुर जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी और सनसनीखेज कार्रवाई को अंजाम दिया। जरही नायब तहसील कार्यालय में पदस्थ एक लिपिक तोखन सिंह सोढ़ी को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की इस योजनाबद्ध कार्रवाई के बाद पूरे तहसील कार्यालय में भारी हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार, कोटेया निवासी रमेश राजवाड़े का मकान पिछली बारिश में पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया था। उनके क्षतिपूर्ति मुआवजे के लिए 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसका प्रकरण नायब तहसील कार्यालय, जरही में लंबित था। आरोपी लिपिक तोखन सिंह सोढ़ी ने इस मुआवजे की राशि को जारी कराने के बदले ग्रामीण रमेश राजवाड़े से कुल रकम की आधी यानी 40 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर मांगी थी। रिश्वत की मांग से परेशान



होकर फरियादी रमेश राजवाड़े ने इसकी शिकायत सरगुजा एसीबी से की। एसीबी ने शिकायत की प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की।

एसीबी के टीआई शरद सिंह के नेतृत्व में एक टीम जरही पहुंची। योजना के तहत, केमिकल लगे नोट फरियादी को दिए गए। फरियादी जैसे ही तहसील कार्यालय में आरोपी बाबू तोखन सिंह सोढ़ी को तय की गई रिश्वत की अंतिम किस्त 25 हजार रुपये सौंपकर उसके जेब में रखवाया, पहले से ही सादे कपड़ों में तैनात एसीबी की टीम ने उसे तत्काल दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी के हाथों को धुलवाकर केमिकल परीक्षण किया गया, जिसने रिश्वत लेने की पुष्टि कर दी।

(छक्र) ने बाबू तोखन सिंह सोढ़ी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए लिपिक तोखन सिंह सोढ़ी के मामले में एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। जिस 'बाबू' को एंटी करप्शन ब्यूरो (छक्र) ने गिरफ्तार किया है, वह वास्तव में तहसील कार्यालय का नियमित लिपिक नहीं था, बल्कि शिक्षा विभाग से 'अटैच' था।मिली जानकारी के अनुसार, तोखन सिंह सोढ़ी मूल रूप से हाईस्कूल जरही में चपरासी (प्यून) के पद पर पदस्थ था। बावजूद इसके, वह लंबे समय से राजस्व संबंधी संवेदनशील फाइलें और लिपिक का काम संभाल रहा था। बताया गया कि पूर्व तहसीलदार ने सोढ़ी के काम करने की 'अंदरूनी काबिलियत' और तहसील कार्यों में उसकी 'अच्छी पकड़' को देखते हुए उसे राजस्व कार्यालय में अटैच कर लिया था।

# कलेक्टर-एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल निरीक्षण



## पद्मश्री श्री अनुज शर्मा देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 दिसम्बर 2025 को जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त श्री सुनील कुमार जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिलासपुर संभाग के सभी कलेक्टर की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए समयबद्ध ढंग से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने कहा। संभागायुक्त ने मंच, बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही उन्होंने पार्किंग स्थलों की व्यवस्था, आगंतुकों के लिए रूट चार्ट, वीआईपी मूवमेंट, हेलिपैड की तैयारी तथा सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पद्मश्री श्री अनुज शर्मा द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एडिशनल एसपी श्री उमेश कश्यप, एडिशनल एसपी श्री उदयन बेहार, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# 'जन गण मन' राष्ट्रीय एकता और 'अरपा पैरी के धार' राज्य की सांस्कृतिक पहचान का जानबूझकर अपमान : राठौर

**सक्ती।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिला अध्यक्ष अर्जुन राठौर ने कहा कल 14 दिसम्बर 2025 का दिन छत्तीसगढ़ के लोकतांत्रिक इतिहास और राजकीय गौरव के लिए गौरवशाली परंपरा और छत्तीसगढ़ साढे तीन करोड़ जनता का अपमान का दिन है। राज्य की विधानसभा, जो जनता की आस्था और संवैधानिक परंपराओं का सर्वोच्च मंदिर है, वहां आज छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर एक साथ दो कुठाराघात किए गए। उन्होंने कहा पहला और गंभीर अपमान - राज्य विधानसभा के इतिहास में पहली बार, सदन की कार्यवाही की शुरुआत न तो राष्ट्रगान 'जन गण मन' से हुई और न ही राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' से। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और राज्य की सांस्कृतिक पहचान के प्रति जानबूझकर की गई अवमानना है। 01 नवम्बर 2000 को नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य की पहली विधानसभा की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई थी। यह एक गौरवशाली परंपरा और संवैधानिक मर्यादा थी, जिसे आज तोड़ा गया है। दूसरा पुराना जख्म - इससे पहले ही विधानसभा भवन से राज्य की महान विभूति और समाज सुधारक स्वर्गीय मिनीमाता जी के नाम को हटाया जा चुका है। यह हमारे महापुरुषों के प्रति सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला कदम था। यह दोगुना अपमान है, पहले हमारे महान व्यक्तित्वों का, और अब हमारे राष्ट्रीय प्रतीक और राज्य गौरव का अपमान है। 'अरपा पैरी के धार' केवल एक गीत नहीं, यह छत्तीसगढ़ की आत्मा है, यहाँ की धरा और जनता के संघर्ष व आशाओं का प्रतिबिंब है। इसकी उपेक्षा सीधे-सीधे छत्तीसगढ़िया अस्मिता पर प्रहार है। हम जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), जिले की जनता की ओर से तत्काल स्पष्टीकरण और बिना शर्त माफी की मांग करते हैं। हम मांग करते हैं कि विधानसभा में राष्ट्रगान व राज्यगीत की गौरवशाली परंपरा को तुरंत बहाल किया जाए तथा मिनीमाता जी सहित सभी राज्य निर्माताओं के प्रति सम्मान सुनिश्चित किया जाए तभी छत्तीसगढ़ का स्वाभिमान अक्षुण्ण रहेगा।



# शिक्षा सचिव, संचालक को टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद के साथ शेष पदोन्नति पूर्ण करने एसोसिएशन ने किया चर्चा।

टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर किया जावे। पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगो का शीघ्र निराकरण हो इस संबंध में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मुलाकात करके एवं ज्ञापन सौंपकर 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद देते हुए सभी संवर्ग के शेष पदोन्नति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने, टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर करने, पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगो के शीघ्र निराकरण करने का ज्ञापन सौंपा है ।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव डॉ.बोधी राम साहू ने बताया कि चर्चा में उप संचालक लोक शिक्षण आशुतोष चावरे व उप संचालक ए.एन बंजारा , सहायक संचालक एच.सी. दिलावर, सहायक संचालक ए.डी. कुर्रे, ने कहा कि अभी प्राथमिकता से प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने, व्याख्याता पदोन्नति व रायपुर संभाग में प्रधान पाठक पदोन्नति पर उपाय बनाया जा रहा है, टीईटी के विषय मे शिक्षक घबराएं नही बल्कि उनके हित मे ही विभाग है, अभी जल्दबाजी की बात नही है। अन्य सभी मांग पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की ओर से निम्नांकित मांग विभाग के संज्ञान में प्रस्तुत किया है जिसमें कहा गया है कि शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया लम्बे समय से लंबित होने के कारण शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, अतएव शेष रिक्त प्राचार्य के पदों पर शीघ्र पदोन्नति दी जाए।,

प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा आयोजित किया जावे।, व्याख्याता ई संवर्ग के पदों पर पदोन्नति लंबित है, रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया अविलम्ब पूर्ण की जाए। प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक), शिक्षक तथा प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) के सभी जिले के रिक्त पदों पर कलेंडर तय कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने निर्देश जारी की जाए।टीईटी अनिवार्यता के संबंध में मांग किया गया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक से सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था, अतः माननीय सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जावे।

# अवैध रेत उत्खनन कार्रवाई: 1 चैन माउंटेन, 6 हाईवा जब्त

## बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के 02 अस्थाई भंडारण अनुज्ञप्ति निरस्त

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज उडनदस्ता दल द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उड़नदस्ता दल द्वारा आज जिले के विभिन्न स्थानो नवापारा, केवा, पीपरदा, पुछेली, खपरीडीह एवं बम्हनीडीह क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया।

खनि अधिकारी श्री अनिल कुमार साहू ने बताया कि ग्राम केवा से खनिज रेत के अवैध उत्खनन कार्य में संलिप्त 01 चौन माउण्टेन मशीन पाया गया, जिसे मौके पर सील कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया। ग्राम पीपरदा में 06 हाईवा से खनिज रेत के अवैध परिवहन कार्य में संलिप्त पाये जाने पर मौके पर सील कर नोटिस चस्पा किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पीपरदा में ही खनिज रेत के अवैध भण्डारण के 02 प्रकरण दर्ज किये गये जिसमें 01 प्रकरण शासकीय भूमि में खनिज रेत भण्डारण मात्रा लगभग 200 घ.मी. तथा दूसरे प्रकरण में खनिज रेत भण्डारण मात्रा लगभग 240 घ.मी. श्री तेरस पिता समधीन निवासी पीपरदा द्वारा किया जाना पाया गया, उक्त दोनो अवैध भण्डारित खनिज रेत को जप्त कर ग्राम पंचायत की सुपुर्दगी में दिया गया है।

जिले के बम्हनीडीह क्षेत्रांतर्गत छ.ग. (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 के तहत ग्राम अमोदी में मेसर्स आर बी कंस्ट्रक्शन के पक्ष स्वीकृत गौण खनिज रेत के अस्थाई भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा नियमो का बार-बार उल्लंघन तथा पाई गई अनियमितता का समाधान नहीं किये जाने एवं ग्राम बम्हनीडीह में मेसर्स बाबा सिद्धेश्वर कंस्ट्रक्शन के पक्ष में स्वीकृत खनिज रेत के अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनियमितता किया जाना/भण्डारण नियमो का उल्लंघन तथा कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने कारण उक्त स्वीकृत दोनो अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति को निरस्त किया गया है।

# अवैध धान भंडारण को लेकर प्रशासनिक टीम की दबिश डेढ़ सौ बोरी धान जब्त

## विभागीय उदासीनता- किसान देसी जुगाड़ के माध्यम से खेतों में पहुंचा रहे नहर का पानी

समवेत शिखर संवाददाता





**अंबिकापुर।** सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देशन अनुसार अवैध धान भंडारण और परिवहन को लेकर प्रशासनिक टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सरगुजा कलेक्टर विलास निर्देशन एसडीएम वन सिंह नेताम के मार्गदर्शन में प्रशासनिक टीम के द्वारा जांच के दौरान घर में अवैध भंडारण किया लगभग डेढ़ सौ बोरी धान 60 क्विंटल जप्त करते हुए मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।मुखबिर की सूचना मिलने उपरांत प्रशासनिक टीम के नायब तहसीलदार उमेश तिवारी के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह के द्वारा 16 अक्टूबर दिन मंगलवार की सुबह ग्राम कुन्नी निवासी गणेश यादव के घर में दबिश देते हुए डेढ़ सौ बोरी धान जप्त किया गया है। जिसका वजन लगभग 60 क्विंटल लगभग 143340 रुपए आका जा रहा है। खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह ने कहा कि अवैध धान भंडारण और परिवहन को लेकर यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। धान खरीदी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर नियमों के तहत आगे भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सरगुजा जिले के किसान खरीफफसल के बाद रवि फसल की तैयारीयो में जुटे हुए हैं। नहर के धरासायी हो जाने के बाद मरम्मत कराए जाने की मांग किसानों के द्वारा की गई थी। परंतु विभाग के आला अधिकारियों के द्वारा नहर का मरम्मत कार्य नहीं किया गया। विभाग के उदासीन रवैया को देखते हुए किसानों ने खुद का खर्च वहन कर पाइप खरीदकर किसानों ने देसी जुगाड़ के माध्यम से लड़कियों का बंबू को नहर नुमा बनाकर ऊपर से पाइप बिछाकर नहर में पानी पहुंचा रहे हैं और रवि फसल हेतु खेतों में पानी की सिंचाई कर रहे हैं। दरअसल पूरा मामला सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम जुनवानी नरकालो नवापारा का है विगत दिनों पूर्व चार दशक पुराना नहर टूट का धराशायि हो गया था। नहर के टूटने से किसानों का खेती कार्य प्रभावित हो रहा था। ग्रामीणों के द्वारा रवि फसल कार्य को देखते हुए शासन प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से नहर मरम्मत कराया जाने की मांग की गई थी। पखवाड़ा भर बीत जाने के बाद भी नहर के मरम्मत नहीं होने पर किसानों ने आपस में चंदा कर द पाइप खरीदा और लकड़ी के बंबू से जुगाड़ बनाते हुए टूटे हुए नहर के बीच में आधा दर्जन से अधिक पाइपो को जोड़ कर खेतों में पानी सिंचाई का कार्य शुरू किया। इस दौरान किसान रोहित दास, विकास राम , दल पति,राम प्रसाद ,मोहित, नान राम, सरपंच नरकालो प्रेम सिंह, हरिस सोनी, विक्रम सिंह, तुलसी सहित अन्य किसान का सक्रिय योगदान रहा।

# विशाल हिन्दू सम्मेलन: लोधमा में धर्म रक्षा और हिन्दू एकता का दिया गया संदेश

- » धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष त्याग करना पड़ता है, यह इतिहास हमें सीखाता : जूदेव
- » धर्मांतरण और जिहाद जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक रहना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है: वर्मा

समवेत शिखर संवाददाता





**जशपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा जोकरी मंडल के लोधमा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी भाई बहन माताएं और बुजुर्गो की सहभागिता रही इस विशाल हिन्दू सम्मेलन का माहौल पूरी तरह धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता से ओतप्रोत रहा

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कवर्धा से आए संघ पदाधिकारी चंद्रशेखर वर्मा रहे वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघ संचालक राजीव रत्न नन्दे ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती सरपंच सीतामुनी सहित आसपास के अनेक ग्रामों से आए धर्मप्रेमी जन बड़ी संख्या में शामिल हुए

मुख्य वक्ता चंद्रशेखर वर्मा ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि आज हमारा समाज बंटा हुआ दिखाई देता है इसे एकजुट रखना हम सभी का दायित्व है,हिन्दू समाज को संगठित रखते हुए अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करनी होगी उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ साथ समाज को भी सशक्त बनाना आवश्यक है धर्मांतरण और जिहाद जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक रहना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है उन्होंने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि आसपास सतर्क नजर रखें और कहीं भी अधर्म की गतिविधि दिखे तो उसका विरोध करें धर्म की रक्षा ही प्रत्येक सनातनी का परम धर्म है। मुख्य अतिथि विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष आवश्यक है इतिहास गवाह है कि धर्म की रक्षा के लिए त्याग करना पड़ता है उन्होंने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने महल का सुख त्याग कर गांव गांव जाकर धर्म और हिन्दू समाज की रक्षा का संकल्प लिया और अपना सर्वस्व समाज को समर्पित कर दिया। उन्होंने भगवान राम का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान राम ने भी धर्म की मर्यादा के लिए महल त्याग कर वनवासियों के बीच जीवन बिताया असंख्य कष्ट सहे लेकिन कभी धर्म मार्ग से विचलित नहीं हुए संघर्ष के बाद ही वे मर्यादा पुरुषोत्तम बने उन्होंने कहा कि आज हम सबको उसी मार्ग पर चलते हुए हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए सदैव एकजुट रहना होगा।

अपने वक्तव्य में विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता में है जब तक हम संगठित रहेंगे तब तक कोई भी शक्ति हमारी संस्कृति और आस्था को कमजोर नहीं कर सकती आज का यह सम्मेलन केवल आयोजन नहीं बल्कि चेतना का जागरण है उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे धर्म संस्कृति और राष्ट्र के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाएं। सम्मेलन के दौरान धर्म संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से जुड़े नारों से वातावरण गूंजता रहा कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक संकल्प और समाज को जागरूक रखने के संदेश के साथ हुआ

# व्हाट्सएप 'न्यूड कॉल' का शिकार

## एसईसीएल से रिटायर्ड से ब्लैकमेल कर 32 लाख ठगे, मेवात गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**बैकुंठपुर/कोरिया** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के बैकुंठपुर में साइबर ठगी का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। डेढ़ साल पहले, एसईसीएल से रिटायर्ड 72 वर्षीय एक बुजुर्ग को व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए जाल में फंसाकर अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल किया गया था और उनसे 32 लाख रुपए की बड़ी रकम ठग ली गई थी। लंबी जांच-पड़ताल के बाद अब बैकुंठपुर पुलिस ने इस 'सेक्सटॉर्शन' गिरोह के दो आरोपियों को हरियाणा और राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। घटना 21 मई 2023 की है। बैकुंठपुर के जूना पारा निवासी एसईसीएल से रिटायर्ड 72 वर्षीय विजेंद्र कुमार यादव के मोबाइल नंबर पर रात करीब 8:00 बजे एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। बुजुर्ग ने किसी जान-पहचान वाले का समझकर जैसे ही फोन उठाया, मोबाइल स्क्रीन पर एक युवती कपड़े उतारकर नग्न अवस्था में दिखाई दी। यह देख बुजुर्ग ने तुरंत फोन काट दिया। लेकिन यह वीडियो कॉल एक खतरनाक ब्लैकमेलिंग का हिस्सा था। कुछ ही देर बाद, आरोपियों ने उसी कॉल का स्क्रीनशॉट लेकर 72 वर्षीय विजेंद्र यादव को भेजा और यह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। समाज और परिवार में बदनामी और प्रतिष्ठा खराब होने के डर से एसईसीएल से रिटायर्ड 72 वर्षीय बुजुर्ग विजेंद्र यादव ब्लैकमेलिंग के जाल में पूरी तरह फंस गए। आरोपियों ने शुरुआत में 50 हजार रुपए की मांग की और धमकी देते रहे। डर के चलते बुजुर्ग ने अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से उन्हें कुल 32 लाख रुपए दिए।